* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 256



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के अर्जेंटीना दौरे पर पहुंचे

कोडरमा के साईं इंटरनेशनल स्कूल का मामला

# बच्चे का नोट बुक भींगा, तो प्रिंसिपल ने पीठ फाड़ दिया

- यूकेजी में पढ़ता है बच्चा
- थाना में मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा/नवलशाही।** कोडरमा जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल असनाबाद के प्रिंसिपल ने यूकेजी के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार की है। परिजनों ने शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल के प्रिंसिपल रितेश कुमार ने सात वर्षीय छात्र राज कुमार को इसलिए पीटा, क्योंकि उसने अपनी नोट्स की कॉपी को पानी में भिगो दिया था। प्रिंसिपल ने डंडे से इतनी बेरहमी से पिटाई की कि बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। कुछ जगहों पर चमड़ा तक फट गया है।

**बच्चे के मामा मिलने गये तो मिली जानकारी :** राज कुमार के मामा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि उनका भांजा पिछले तीन महीने से स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह शुक्रवार को स्कूल पहुंचे, जहां इस घटना की जानकारी मिली। बच्चे के हाथ पर चोट का निशान था, जब कपड़े हटाकर देखा तो शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के गहरे निशान थे। उन्होंने बच्चे को तुरंत नवलशाही स्थित एक निजी क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया।



## मामले की जांच की जा रही है : पुलिस

नवलशाही थाना अंतर्गत जमडीहा निवासी भानु प्रताप सिंह ने नवलशाही थाना में शनिवार को मामला दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस के स्कूल के प्रिंसपिल द्वारा बेहरमी से भांजे के पिटाई किये जाने की जानकारी दी। नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा दी गयी शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## प्रिंसिपल रितेश ने मानी अपनी गलती

स्कूल के प्रिंसिपल रितेश कुमार ने घटना को लेकर अपनी गलती स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि छात्र ने पिछले छह महीनों के नोट्स को नुकसान पहुंचा दिया था, जिससे आक्रोश में उन्होंने अनुचित कदम उठा लिया। उन्होंने बच्चे के परिजनों से माफी भी मांगी है।

# धनबाद में दो व्यवसायी पुत्र की दुर्घटना में मौत



साहिल कृष्णानी, मृतक



अनमोल सिंह, मृतक

- एक रेमंड शो रूम के मालिक हैं, दूसरे का मोटर पार्ट्स का कारोबार है

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दो घरों का चिराग बुझ गया। जानकारी के अनुसार घटना राजगंज सिक्स लेन की है। हादसे में धनबाद बैंक मोड़ अवस्थित रेमंड शो रूम के मालिक विशाल कृष्णाणी के 24 वर्षीय इकलौते बेटे कृष्णाणी और मटकुरिया चेंबर अवस्थित मोटर पार्ट्स दुकान के मालिक हरदयाल सिंह के 25 वर्षीय इकलौते बेटे अनमोल की मौत हो गयी।

**गाड़ी में फंसे दोनों युवक :** बताया जाता है कि कोलकाता-दिल्ली सिक्स लेन पर बरवाअड्डा से राजगंज की ओर आ रही आइ-ट्वेन्टी कार अचानक अनियंत्रित हो गयी। कार बीच सड़क पर करीब दो-ढाई फीट तक पलटते हुए डिवाइडर से जा टकरायी। टक्कर के बाद कार एप्रोच रोड पर उल्टा जा गिरी। इस दौरान साहिल और अनमोल कार के ही अंदर फंसे हुए थे।

**क्रेन की मदद से बाहर निकाले शव :** घटना की सूचना पाकर राजगंज पुलिस की गश्ती बल के जमादार सीताराम प्रसाद और जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने एनएचएआइ के क्रेन को मंगवाया। क्रेन की मदद से पहले गाड़ी को सीधा किया गया। फिर दरवाजा तोड़कर दोनों युवकों का शव बाहर निकाला गया।

## दुर्घटना की जांच

जानकारी के अनुसार साहिल और अनमोल दोनों कोलकाता में रहकर बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। दोनों अच्छे मित्र थे। एक दिन पहले ही कोलकाता से अपने घर पहुंचे थे। गाड़ी कैसे अनियंत्रित हो गयी? दुघर्टना कैसे हुई? इस बारे में अभी तक स्पष्ऑ जानकारी महीं मिल पायी है। पुलिस सामलवे की छानाबीन कर रही है। दोनों के शव को एसएनएमएमसीएच लाया गया। जहां औपचारिक रूप से डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। किसी अज्ञात के द्वारा उनके परिजन को फोन पर दुर्घटना की जानकारी दी गयी थी।

# शिक्षण संस्थान में सीआइडी की छापेमारी, दस हिरासत में

- नामकुम और चुटिया में की गयी छापामारी
- नौकरी देने के नाम पर ठगी करने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) की टीम ने शनिवार को रांची के चुटिया और नामकुम में छापा मारा। नामकुम थाना क्षेत्र के घाट रोड केतारी बागान में सीआइडी एएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। साथ में नामकुम और चुटिया थाना की पुलिस भी थी। टीम ने दो जगहों पर छापामारी कर रोजगार के नाम पर नौजवानों से ठगी करने का पदार्फाश किया। सीआइडी टीम ने केतारी बगान घाट रोड स्थित पुष्पांजलि प्लैस के पहले तल्ले और लोअर चुटिया लोटा फेक्ट्री के समीप स्थित आर्यावर्त एसोसिएट के कार्यालय में छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने पुष्पांजलि प्लैस में ट्रेनिंग करा करे करीब ढेड़ दर्जन युवक-युवती एवं लोअर चुटिया से एक कंप्यूटर ऑपरेटर व एक अन्य युवक को हिरासत में लिया है। वहीं, टीम ने लोअर चुटिया से दर्जन भर से ज्यादा मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर, रबर स्टाम्प, बील, आयुर्वेदिक सामान सहित अन्य सामाज जब्त किया हैं।

**नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी की जा रही थी :** मिली जानकारी के अनुसार संस्थान द्वारा विज्ञापन निकाल कर स्किल प्रोग्राम के तहत रोजगार देने का झांसा दिया जाता है। आने वाले युवक-युवतियों को बड़े बड़े सपना दिखाया जाता था। सभी को ट्रैनिंग लेने के बाद रोजगार देने की बात कहकर पैसा लिया जाता था। ट्रेनिंग पूरा होने पर उनसे आयुर्वेदिक सामानों की मार्केटिंग करायी जाती थी। मार्केटिंग करने में असफल लोगों को हटा दिया जाता था। ट्रेनिंग कर चुके एक छात्र को नौकरी नहीं मिलने पर उसने एक एनजीओ के माध्यम से झारखंड सीआइडी में शिकायत की थी। इसके आधार पर सीआइडी डीजी के निर्देश पर छापामारी की गयी।

**छापामारी में थे शामिल :** छापामारी टीम में सीआइडी एएसपी दीपक कुमार, सीआइडी थाना प्रभारी नवल किशोर के साथ नामकुम थाना प्रभारी रंजीत कुमार, एसआइ शशि कुमार, एएसआइ देवेंद्र सिंह व चुटिया थाना की पुलिस थी। अधिकारियों ने फिलहाल कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर दिया है। सिर्फ कहा कि जांच की जा रहीं हैं।



## 25 से 30 हजार रुपये लेती थी कंपनी

ट्रेनिंग ले रहे उत्तर प्रदेश के युवक ने बताया कि रोजगार का आकर्षक विज्ञापन देकर झांसा में लिया जाता है। देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों बेरोजगार लोग ट्रेनिंग ले रहे हैं। ट्रेनिंग के नाम पर प्रत्येक युवक-युवती से 25 से 30 हजार लिया जाता है। रहने और खानें की व्यवस्था भी संस्थान करती थीं। ट्रेनिंग के बाद सभी को मार्केटिंग के लिए भेज दिया जाता है। सभी को ठगा जा रहा है। दो समय ही खाने दिया जाता है।

# मुहर्रम आज, तैयारी पूरी, प्रशासन चौकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुहर्रम रविवार को है। झारखंड में इसकी तैयारी चल रही है। मुहर्रम से पहले झारखंड के सभी जिलों में पुलिस ने शांति समिति की बैठ की। वहीं शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला। जिला मुख्यालय के अलावा अलग-अलग अनुमंडलों और प्रखंड मुख्यालयों में भी पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। रांची में सिटी एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। राज्य सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश के बाद त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति न रोकने का फैसला लिया है। इसके तहत मुहर्रम जुलूस के दौरान भी बिजली नहीं काटी जायेगी और सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता से की जायेंगी। बिजली विभाग ने विशेष एसओपी तैयार किया है, जिसके अनुसार अब मुहर्रम में 13 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं निकाला जा सकेगा। उधर, झारखंड पुलिस ने कहा है कि मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखें। मुहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में और भाईचारे के साथ मनायें। मुहर्रम के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया से लेकर उपद्रवती तत्वों तक की पुलिस निगरानी कर रही है।

YBN UNIVERSITY
Rajaulatu, Namkum, Ranchi-834010
Recognition & Affiliation
Established under Jharkhand Govt. Act | Recognized under Section 2(f) UGC Act. 1956 | App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI New Delhi | App. by BCI for Law Programme | Indian Nursing Council | National Commission for Homoeopathy | Member of AIU
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-2026
ENGINEERING
• Diploma • B.Tech • M.Tech
• Computer Science • Electrical • Information Technology • Civil • Electronics & Communication • Mechanical • Mining
NURSING
• ANM • GNM • B.Sc. Nursing
• Post Basic B.Sc. Nursing • M.Sc Nurisng
AGRICULTURE SCIENCE
• Diploma in Agriculture
• B.Sc Hon's. Agriculture
• M.Sc (Agriculture)
PHYSIOTHERAPY
• BPT • MPT
PARAMEDICAL SCIENCE
• BMLT • BMRIT • MPH
• BOTT • OPTOMETRY
MEDICAL
• Homoeopathic (BHMS)
PHARMACY
• D.Pharm • B.Pharm • M.Pharm
• Pharm D (Doctor of Pharmacy
• Ph.D in Pharmacy
EDUCATION
• B.ED • D.El.ED • Ph.D
LEGAL STUDIES
• LL.B • BBA LL.B • LL.M • Ph.d
ADVANCE COMPUTING
• BCA (Software Engg.) • MCA • PGDCA • B.Sc IT
• M.Sc IT • B.Tech AIML • B.Tech (Software Engg.)
COMMERCE MANAGEMENT
• B.Com • M.Com • Ph.d • BBA • MBA • Ph.D
ARTS • BA(Hons.)- Hindi, English, History, Political science, Economics, Psychology, Home Science, Geography, Music, Library Science, Bengali, Sanskrit, Education, Yoga, BSW, MSW, Ph. D.
SCIENCE • B.Sc.(Hons.)/ M.Sc. - Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology, Microbiology, Biochemistry Biotechnology, Ph.D.
Allied Health Science
• B.Sc./ M.Sc
Medical Physiology, Medical Anatomy, Medical Pathology, Medical Biochemistry, Medical Microbiology, Medical Pharmacology, Dialysis, Medical Lab Technology, Forensic Science
Journalism Mass Communication And Film Making
• BA in MCF • MA in MCF • Diploma in Animation & Multimedia, Photography and Videography
*100% Scholarship for ST/SC/OBC those belong to Jharkhand only
Bank Loan Assistance
*100% Placement Assistance
Separate Hostel for Boys & Girls
Bus Facility
ADMISSION HELPLINE
9709500400 / 9570600500 / 7061261557 / 9431104112
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com | Website : www.ybnu.ac.in

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
IRBA, RANCHI-835219,JHARKHAND
PLACEMENT Assistance
SCHOLARSHIP Facility Available
Muharram
मुहर्रम की मुबारकबाद
COURSES OFFERED
➲ BMLT
➲ DMLT
➲ OT ASSISTANT
➲ ECG
➲ OPHTHALMIC TEST
➲ CRITICAL CARE (ICU)
➲ RADIO - IMAGING
➲ ANESTHESIA TECH
➲ DRESSERS
ADMISSION OPEN
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड कांग्रेस में बदलाव की आहट से सियासत गर्म

## ■ केशव महतो कमलेश से खुश नहीं हैं पार्टी के कई दिग्गज, लॉबी एक्टिव!

## ■ किसी आदिवासी नेता को कमान सौंपने के मिल रहे संकेत

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पिछले साल अगस्त में झारखंड कांग्रेस ने संगठन में बड़ा बदलाव किया था और पुराने नेता केशव महतो कमलेश को कमान सौंपी गयी थी। लेकिन 10 महीने के बाद एक बार फिर झारखंड कांग्रेस में बदलाव की आहट सुनी जा रही है। इस आहट के बाद कांग्रेस की अंदरूनी सियासत गर्म हो गयी है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान ने बदलाव का फैसला वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के प्रति पनपे असंतोष के कारण किया है। केशव महतो कमलेश को पिछले साल अगस्त में प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। उस समय पार्टी को विधानसभा चुनाव लड़ना था और उसे झारखंड में सबसे ज्यादा आबादी वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) मतदाताओं को आकर्षित करना था। नवंबर में हुए चुनाव में पार्टी को अच्छी कामयाबी मिली, लेकिन उसके बाद केशव महतो कमलेश के कई फैसलों पर संगठन के अंदर सवालिया निशान खड़ा होने लगा। स्वच्छ छवि का होने के बावजूद वह कई तरह के विवादों में घिरते चले गये और इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस के भीतर उनके खिलाफ एक प्रभावशाली खेमा तैयार हो गया। प्रदेश प्रभारी के राजू ने भी मौके की नजाकत को समझा है। इसके बाद ही प्रदेश कांग्रेस में बदलाव के आहट मिलने लगे हैं। इस बार कांग्रेस आलाकमान द्वारा झारखंड की कमान किसी सरना आदिवासी चेहरे को सौंपे जाने की संभावना है, जिसके लिए कई नामों की चर्चा हो रही है। क्या है झारखंड कांग्रेस में बदलाव की इस आहट के मायने और कौन हैं रेस में शामिल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई में एक बार फिर उथल-पुथल मची है। इसका कारण पार्टी संगठन में बड़े बदलाव की आहट है। इस बात के पुख्ता संकेत मिल रहे हैं कि झारखंड कांग्रेस का सेनापति बदला जा रहा है और पार्टी आलाकमान ने इस बदलाव को हरी झंडी दे दी है। पार्टी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की जगह पर किसी नये नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जायेगा। इस बार किसी आदिवासी चेहरे पर पार्टी दांव खेल सकती है। इस संकेत के मद्देनजर प्रदेश के तमाम कांग्रेस नेता अपनी-अपनी गोलबंदी में जुट गये हैं। नेताओं ने दावेदारी पेश करनी भी शुरू कर दी है। इस बात के संकेत भी हैं कि इस बार आदिवासी में भी सरना तबके से आने वाले अदिवासी नेता को कमान सौंपी जा सकती है। झारखंड की वर्तमान सरकार में कांग्रेस के चारों मंत्री दलित, अल्पसंख्यक, ब्राह्मण और इसाइ (आदिवासी) कोटे से हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष और नेता विधायक दल ओबीसी समाज से है। इन पदों पर किसी भी सरना आदिवासी को जगह नहीं दी जा सकी है। ऐसे में कहा जा रहा है कि सरना आदिवासी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है, ताकि सामाजिक संतुलन कायम किया जा सके।



### केशव महतो कमलेश के खिलाफ माहौल

वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पुराने कांग्रेसी हैं। उन्हें पिछले साल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अगस्त में प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। अपने कार्यकाल के पहले तीन महीने तो कमलेश विधानसभा चुनाव में व्यस्त रहे। पार्टी ने चुनाव में कामयाबी तो हासिल की, लेकिन संगठनात्मक रूप से कुछ खास नहीं कर सकी। इसके बाद से कमलेश का कामकाज किसी भी नजरिये से संतोषजनक नहीं रहा है। पार्टी संगठन पूरी तरह निष्क्रिय है और सिवाय फीडबैक लिये जाने के अलावा कोई काम नहीं हुआ है। स्वच्छ छवि का होने के बावजूद कमलेश संगठन को सक्रिय नहीं कर पाये हैं। प्रदेश प्रभारी के राजू से अच्छे संबंध के बावजूद अपनी टीम का गठन तक उनसे नहीं हो सका है। इस बीच उन्होंने कई प्रखंड अध्यक्षों को मनमाने तरीके से हटा दिया, जिसका काफी विरोध हुआ। बाद में कमलेश को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। इन सब कारणों से उनके खिलाफ एक माहौल तैयार हो गया।

### इस बार कई नेता कर रहे दावेदारी

प्रदेश नेतृत्व में बदलाव के संकेत के बीच कांग्रेस के नेता अपनी-अपनी गोलबंदी में जुट गये हैं। केंद्रीय नेतृत्व समेत पार्टी के आला नेताओं से एक-एक कर मिल कर अपनी दावेदारी भी पेश कर रहे हैं। सरना आदिवासी नेताओं में विधायक राजेश कच्छप पर पार्टी दांव खेल सकती है। वर्तमान में झारखंड विधानसभा में वह पार्टी के उपनेता हैं। वह युवा हैं और लगातार दो बार से विधायक हैं। संगठन में निचले स्तर से उन्होंने शुरूआत की है। वहीं खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा भी इस रेस में हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को हराकर खूंटी से चुनाव जीता था। ऐसे में उन्हें इसका इनाम मिल सकता है। कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत (वर्तमान सांसद) और प्रदीप बलमुचू भी प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में हैं। पार्टी इनके नेतृत्व पर फिर से भरोसा जता सकती है और अनुभव का लाभ ले सकती है।

### दो बार से कार्यकारी अध्यक्ष ही बन रहे अध्यक्ष

झारखंड कांग्रेस में दो बार से कार्यकारी अध्यक्ष को ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष रहे राजेश ठाकुर पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उनके बाद उस समय कार्यकारी अध्यक्ष रहे केशव महतो कमलेश वर्तमान में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। ऐसे में वर्तमान दावेदारों में कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते बंधु तिर्की का दावा मजबूत दिख रहा है।

### कमलेश को क्यों सौंपी गयी थी कमान

झारखंड में आदिवासियों के बाद सबसे बड़ी संख्या ओबीसी की है। इस समुदाय का एक दर्जन से अधिक विधानसभा सीटों पर प्रभाव है। जनसंख्या के लिहाज से झारखंड में भूमिहार जाति (विशेष रूप से भूमिहार) की संख्या डेढ़ प्रतिशत से अधिक नहीं है। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने ओबीसी, एससी और एसटी के नेताओं की तुलना में उच्च जाति के नेताओं पर भरोसा किया था। उसका यह दांव विफल हो गया था। 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड की आबादी में ओबीसी की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है, जबकि अनुसूचित जनजाति (एसटी) की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत, अनुसूचित जाति (एससी) की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत और सामान्य की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत है। ऐसे में केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रमुख बनाना कांग्रेस की सोची-समझी योजना थी।

### क्या है झारखंड कांग्रेस की चुनौती

झारखंड कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा चैलेंज अपनी संगठनात्मक कमजोरी को दूर करना ही है। लगातार दो विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करनेवाली झारखंड कांग्रेस की हालत इन दिनों किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में पार्टी के भीतर मची उथल-पुथल और खेमेबंदी को खत्म करना किसी भी नेता के लिए आसान नहीं है।

---

## सीआइडी ने चीन से जुड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का किया खुलासा

# होटल से सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने पहली बार एक साथ सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधी चीनी साइबर अपराधियों के भारतीय एजेंट हैं। ये सभी झारखंड में रहकर चीनी साइबर अपराधियों के लिए काम करते थे।



### होटल में एकत्र हुए थे सभी

सीआइडी की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि साइबर क्राइम ब्रांच को अपनी टेक्निकल टीम के जरिए सूचना मिली थी कि रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के एक होटल में संगठित साइबर अपराधियों का एक गुट जमा हुआ है। यह गिरोह निवेश घोटाला और डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी की गतिविधियों में संलिप्त है। सूचना के आधार पर साइबर क्राइम ब्रांच की ओर से होटल में अचानक छापेमारी की गयी, जहां से एक साथ सात साइबर अपराधी पकड़े गये। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल, 11 लैपटॉप, 14 एटीएम, चेक बुक के साथ ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम के 60 से अधिक चैट बरामद किये गये हैं।

### सभी चीनी साइबर अपराधियों के एजेंट

सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किये गये सभी साइबर अपराधी चीनी साइबर अपराधियों के भारतीय एजेंट हैं। साइबर क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार किये गये साइबर अपराधी देश के अलग-अलग हिस्सों से चीनी साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खातों की सप्लाई करते थे। गिरफ्तार किये गये साइबर अपराधियों में एक स्पेशल एजेंट भी शामिल है। स्पेशल एजेंट चीनी मिलने, ड्रैगनपे, मैंगोपे इंडिया के लिए काम कर रहा था।

### चीनी नेटवर्क से जुड़े कई सबूत मिले

सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार किये गये चीनी नेटवर्क से जुड़े लोगों के पास से व्हाट्सएप और टेलीग्राम से बड़ी संख्या में बैंक अकाउंट की डिटेल और डिजिटल सबूत बरामद किये गये हैं। जांच में यह भी पता चला है कि टेलीग्राम के जरिए चीन से चीनी साइबर अपराधियों के लिए काम करने वाले एजेंटों को एक एप्लीकेशन भेजी जाती थी। भारत में बैठे साइबर अपराधी एप्लीकेशन पर सिम कार्ड में बैंक से जुड़ा डेटा इंस्टॉल कर देते थे। इसे इंस्टॉल करने के बाद एप्लीकेशन अपने आप ओटीपी और बैंक प्लेट चीनी सर्वर पर पहुंचा देता था। चीन में बैठे अपराधी उन खातों तक रिमोट एक्सेस पाकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहे थे।

### देशभर में 68 मामले दर्ज

गिरफ्तार चीनी एजेंट के बैंक खातों के लिंक विभिन्न राज्यों में दर्ज निवेश घोटाले और डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़ी शिकायतों से मिले हैं, जिनकी रिपोर्ट एनसीपीआर पोर्टल पर दर्ज है। अब तक जांच में 60 म्यूल बैंक खाता स्टेटमेंट प्राप्त हुए हैं। इस गिरोह के खिलाफ देशभर में कुल 68 शिकायतें दर्ज हैं।

### कौन-कौन गिरफ्तार हुए?

**बिहार के सीवान जिले के निवासी कुमार दीपक**
**बिहार के नालंदा जिले के निवासी कुमार सौरभ**
**बिहार के सीवान जिले के निवासी प्रभात कुमार**
**मध्य प्रदेश के सागर जिले के निवासी लखन चौरसिया**
**बिहार के पटना जिले के निवासी शिवम कुमार**
**बिहार के पटना जिले के निवासी प्रदीप कुमार।**

---

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू 9 जुलाई को आयेंगे रांची, प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू अपने दो दिवसीय प्रवास पर 9 जुलाई को दिन के 11:10 बजे देवघर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वे गोड्डा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और जिला पर्यवेक्षक और जिला प्रशिक्षक भाग लेंगे। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।


झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू 10 जुलाई को गिरिडीह में नवनिर्मित जिला कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

### कांग्रेस विधायकों की बैठक 10 को

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में 10 जुलाई को कांग्रेस विधायकों की बैठक होगी। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

बैठक में संगठन सृजन के तहत विधायकों द्वारा किये गये दौरे, कार्यकर्ताओं की समस्याओं और उसके निराकरण की दिशा में उठाये गये कदमों, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाने और उसे मजबूत करने की दिशा में भविष्य की योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक के बाद के राजू दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

---

# एक लाख 30 हजार के जाली नोटों के साथ तीन लोग गिरफ्तार

## 500-500 रुपये के थे नकली नोट, तीनों युवक छत्तीसगढ़ के रहने वाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह (गुमला)।** शुक्रवार शाम गुमला पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि एक सफेद अर्टिगा कार में कुछ लोग जाली नोट लेकर गुमला से जशपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल बनाया गया। रायडीह थाना गेट पर बेरिकेटिंग कर वाहन चेकिंग शुरू की गयी। इसी दौरान गुमला की ओर से सफेद रंग की अर्टिगा कार थाना गेट पर पहुंची। पुलिस को देखकर चालक ने कार को पीछे मोड़कर भागने की कोशिश की। छापामारी दल ने तत्परता दिखाते हुए कार को घेरकर पकड़ लिया। कार में चालक समेत तीन लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सुधन राम यादव, गोस्वामी चौहान और दिलीप कुमार बताया। तीनों जशपुर (छत्तीसगढ़) के रहने वाले हैं। कार की तलाशी में पीछे की सीट पर एक काले रंग का बैग मिला। बैग में एक कागज में लिपटा हुआ 500-500 रुपये के नोटों का बंडल मिला। पहली नजर में नोट असली लगे, लेकिन जांच में वे नकली पाये गये। कुल 260 जाली नोट बरामद हुए, जिनकी कीमत 1 लाख 30 हजार रुपये है। इसके अलावा 500-500 के पांच असली नोट (कुल 2500 रुपये) भी मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इन जाली नोटों को भीड़-भाड़ वाले बाजारों में असली नोटों के साथ मिलाकर चलाते हैं। पुलिस ने जाली नोट, असली नोट, कार, दो मोबाइल और काला बैग जब्त कर लिया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अजय यादव, गुमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की क्यूआरटी टीम और रायडीह थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। वहीं शनिवार की अपराह्न 4 बजे रायडीह थाना कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ ललित मीणा ने प्रेस वार्ता के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



---

# घुरती रथ मेला आज, अपने घर लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा रविवार को मौसी बाड़ी से अपने घर लौट जायेंगे। घुरती रथ मेला को लेकर जगन्नाथपुर मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

मालूम हो कि 27 जून को भगवान जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ मौसी बाड़ी गये थे। नौ दिनों तक वहां प्रवास करने के बाद वह छह जुलाई की शाम अपने घर (मंदिर) लौट आयेंगे। रविवार सुबह छह बजे भगवान की आरती की जायेगी। आठ बजे उन्हें भोग लगाया जायेगा। ढाई बजे भगवान की सभी मूर्तियां रथ पर चढ़ने के लिए प्रस्थान करेंगी। चार बजे रथ मौसी बाड़ी से मुख्य मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा और शाम पांच बजे पहुंचेगा। फिर शाम सात बजे सभी विग्रहों का मुख्य मंदिर में विराजमान हो जायेंगे।



यहां मालूम हो कि रथ यात्रा के अनुरूप ही घुरती रथ यात्रा के दिन भी जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और आम लोगों की भीड़ जुटती है। मेला को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग जगन्नाथपुर मंदिर जाते हैं। इस तरह नौ दिवसीय रथ यात्रा का समापन हो जाता है। घुरती रथ यात्रा के दौरान शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिसकर्मियों की अपेक्षित संख्या में प्रतिनियुक्ति की गयी है। सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं। सादे लिबास में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गयी है।

उत्तराखण्ड शासन

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद






प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

## विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



# हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



### हाउस ऑफ हिमालयाज

**बेहतर गुणवत्ता**

हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

# देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआइ) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रूद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली



एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in| DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
04

## भाकपा माले प्रखंड कमेटी की बैठक

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी (भाकपा माले) विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की एक दिवसीय बैठक अलपीटो सभा भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव घनश्याम पाठक और संचालन जिला कमेटी सदस्य जानकी शर्मा के ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला सचिव कामरेड पच्चू राणा और जिला परिषद सदस्य शेख तैयब मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में विष्णुगढ़ 7 मिल चौक पर पार्टी के बैनर के साथ उतरकर आम हड़ताल को सफल करना है, साथ ही 21 जुलाई से 28 जुलाई के अभियान में दिवंगत नेता कॉ एके राय और पार्टी पुर्व महासचिव कामरेड चारु मजूमदार के शहादत दिवस पर पार्टी ब्राचों का गठन और सदस्यता अभियान चलाते हुए जन संगठनों को मजबूती प्रदान करना है। जन मुद्दों को लेकर प्रखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में एक विशाल धरना प्रदर्शन 15 जुलाई को किया जायेगा ।

## हजारीबाग में मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

# शहर के मुख्य मार्गों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुहर्रम त्योहार को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव मोड में है। हर दिन जिले के वरीय पदाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था का लगातार जायजा ले रहे हैं। शनिवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया और शहर के मार्गो का जायजा लिया गया। फ्लैग मार्च कंट्रोल रूम से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों में घुमा। इस दौरान जिले के पदाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसी शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारगी का संदेश देता है इस लिए त्योहार को मिल जुल कर सौहार्द वातावरण में मनाये। वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि जो भी शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके बख्शा नहीं जायेगा। साथ ही लोगों को अफवाह न फैलाने और अफवाह से बचने के साथ सोशल मीडिया में वैसा कोई पोस्ट न करने की हिदायत दी जिससे सौहार्द बिगड़े। मौके पर एसी संतोष सिंह, सदर एसडीपीओ अमित आनंद, मुख्यालय डीएसपी अमित कुमार के अलावा कई थाना प्रभारी और जिले के अधिकारी शामिल थे।



### प्रखंड प्रशासन ने इचाक में किया फ्लैग मार्च



इचाक (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व को लेकर इचाक प्रशासन लगातार गांव गांव घूम बैठक कर रही और लोगों को शांति और सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाने के लिए कह रही। शनिवार को प्रखंड प्रशासन ने डुमरौन में फ्लैग मार्च किया। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार और थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च कर कई मार्ग घूम लोगों से सौहार्द पूर्ण वातावरण ने त्योहार मनाने को कहा। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### हजारीबाग-बड़कागांव में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में मोहर्रम पर्व को शांति और शहर पूर्वक संपन्न करने के लिए हजारीबाग जिला और बड़कागांव प्रखंड प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। समय-समय पर प्रखंड मुख्यालय के अलावा प्रखंड के कई गांव में फ्लैग मार्च निकालकर ग्रामीणों को मुस्तैदी की संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज महुदी सोनपुरा, मिर्जापुर, छवनियां आदि गांव में हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामते, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कु मंडल, बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य अधिकारी और सैकड़ों सशस्त्र बल के जवान द्वारा फ्लैग मार्च निकल गया। उक्त गांव की वस्तु स्थिति से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावा अन्य अधिकारियों ने जानकारी लेते हुए लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने का अपील किया। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में प्रखंड के कई गांव में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की जवान की तैनाती की गयी है। साथ ही साथ समय-समय पर कई गश्ती दल द्वारा भी क्षेत्र में निरंतर गश्ती की जा रही है।

## दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव आज



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर) के प्राणप्रतिष्ठा का तीसरा वार्षिकोत्सव दिन रविवार को 6 जुलाई को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर सुबह 9:00 बजे से पूजा अर्चना, 3:00 बजे से दीपदान, संध्या 6:00 बजे श्मशान काली मंदिर पुजारी बिट्टू बाबा और काली मंदिर पुजारी शिवम पंडित के द्वारा महाआरती के उपरांत महाप्रसाद वितरण और रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 6 जुलाई को काली मंदिर में मां काली की प्रतिमा के साथ साथ शिव परिवार, राम दरबार, दस महाविद्या, पंच मुखी हनुमान, बटुक भैरव, भगवान भास्कर, दुर्गा माता, नवग्रह समेत अन्य देवी देवताओं का मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। आयोजन को लेकर दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने कहा दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शिवपुरी के साथ-साथ शहर के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। हर दिन यहां सैकड़ों श्रद्धालु पूजा करने आते हैं, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा का वर्षगांठ पूजा पाठ, महाआरती, भजन कीर्तन के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री प्रधान ने हजारीबाग के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के तीसरे वर्षगांठ में अपनी सहभागिता निभाएं और पुण्य के भागी बनें।

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध हो: डॉ नीरा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। विधायक डॉ नीरा यादव ने राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वाइल उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान राज्य में सांप काटने की काफी घटनाएं होती है। सभी जिलों में सदर अस्पताल गांवों से अधिक दूरी होने पर मरीज समय पर नहीं पहुंच पाते हैं और अंततः इलाज के अभाव में मौत हो जाती है। अगर कोई विषैला सांप किसी को काट ले और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन ना मिले तो कुछ मिनट के अंदर उसकी मौत हो सकती है। अगर कोबरा या करैत जैसे सांप ने डंस लिया तो 40 से 45 मिनट के अंदर एंटी वेनम इंजेक्शन लगना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एंटी वेनम इंजेक्शन जितनी जल्दी मिल जाये, उतना जल्दी फायदा मिलने की संभावना रहती है। ऐसे में राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी वेनम की उपलब्धता रहने से लोगों की जान बचायी जा सकती है। उन्होंने राज्य सरकार से सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

## श्मशान घाट में किया गया पौधरोपण



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के युवा सलगा पंचायत अंतर्गत ग्राम सायल में भरोसी महतो के दस्कर्मा के अवसर पर सायल गांव के ग्रामीणों ने शमशान घाट और दशकर्म घाट पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। इस संदर्भ में सायल गांव के समाजसेवी जगदीश महतो ने बताया कि हम सभी ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि हमारे गांव के श्मशान घाट और दशकर्म घाट पर पेड़ पौधों का अभाव है। ऐसे में किसी भी ग्रामीण के मौत के उपरांत उक्त दोनों स्थलों पर उनके याद में और पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण करेंगे। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा क्योंकि हिंदू धर्म में मृतक को अग्नि संस्कार किया जाता है जिस कारण मृतक के शरीर को जलाने पर शरीर से उत्पन्न होने वाली प्रदूषण को वृक्ष हीं सोखते है और हम सभी को शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं। मौके पर जगदीश महतो, गुलाब महतो, अशोक महतो, जागेश्वर यादव, नागेश्वर महतो, बासुदेव महतो, लखन महतो, मिथलेश कुमार और आनंदी महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हरली में करोड़ों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा खानापूर्ति



दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारू प्रखंड के हरली पंचायत में करोड़ों की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज तक पूर्ण रूप से चालू नहीं हो पाया है। इस मुद्दे को लेकर जवाहर बल मंच कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार ने शनिवार को मंगलमय होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत बेहद चिंताजनक है। मैंने 10 जून को दारू प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया था। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और पीएचसी प्रभारी पेटो डॉक्टर अमरेश कुमार ने अस्पताल को शीघ्र चालू कराने का आश्वासन दिया था लेकिन स्थिति में खानापूर्ति किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में पांच कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन न तो कोई डॉक्टर मौजूद है और न ही इलाज के लिए जरूरी उपकरण। यहाँ तक कि बेड तक की व्यवस्था नहीं है। जब कोई सुविधा ही नहीं है, तो सिर्फ दिखावे के लिए पांच स्टाफ क्यों रिंकू ने यह भी बताया कि दारू प्रखंड की जनसंख्या 80,000 से एक लाख के बीच है। झुमरा में राज्यस्तरीय साप्ताहिक बाजार लगता है, जो दुर्घटना संभावित क्षेत्र भी है। यह इलाका आदिवासी बहुल है और कई प्रखंडों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी इसी क्षेत्र से गुजरता है। बावजूद इसके यहां एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब पेटो में पहले से ही एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मौजूद है, तो मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर दूसरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्यों बनाया गया? इस पर जोर देते हुए कहा कि हरली में बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदला जाना चाहिए, क्योंकि यह सभी आवश्यक मानदंडों को पूरा करता है।उन्होंने अंत में सभी संबंधित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

# पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सौरभ नारायण सिंह ने दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में झारखंड के संरक्षक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने गुरुजी के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सौरभ नारायण सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की, जो अपने पिता बाबा शिबू सोरेन के साथ एम्स में मौजूद थे। पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा शिबू सोरेन झारखंड की राजनीति के एक स्तंभ हैं। उनके संघर्षों से यह राज्य बना है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं और इस कठिन समय में पूरे परिवार के साथ खड़ा हूं। पूर्व विधायक और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच राज्य के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हुई। दोनों नेताओं ने झारखंड के भविष्य, जनता की जरूरतें और सरकार की प्राथमिकताओं पर आपसी विचार साझा किये। बातचीत के दौरान राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शैक्षणिक संस्थानों की मजबूती, सड़क और यातायात सुधार, और युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड एक संभावनाओं से भरा राज्य है। सीएम हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर राज्य में उनके द्वारा शुरू की गयी योजनाओं और उनकी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि झारखंड की जनता का भरोसा हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है, और हम हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं।

## कोडरमा में हजार रुपये किलो बिक रहा है फुटका



कोडरमा(आजाद सिपाही)। इन दिनों कोडरमा के बाजारों में फुट्का (खुखड़ी) बिक रहा है। फुटका को लोग देशी मटन भी कहते हैं। बरसात आते ही नप के झंडा चौक, गांधी चौक राजेंद्र चौक समेत कई अन्य स्थानों पर यह मिल जायेगा। अभी इसका मूल्य एक हजार रुपये किलो है। फुटका खाने के शौकीन साल भर इसका इंतजार करते हैं। बरसात शुरू होते ही जंगलों में फुट्का निकलता है जिसे काफी मेहनत के बाद जंगल से निकाल बाजार लाकर ऊंचे कीमत पर बेचा जाता है। दिन बीतने और बाजार में प्रचुरता बढ़ने के साथ ही इसका भाव भी गिरने लगता है। कुछ दिनों के बाद इसका मूल्य 500-600 रुपये किलो हो जायेगा। सावन आते ही इसकी खपत और मांग बढ़ जाती है।

## 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल के लिए सेविका सहायिकाओं ने की बैठक



डोमचांच (आजाद सिपाही)। मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को देशव्यापी मजदूर हड़ताल ऐतिहासिक होगा। यह बात डोमचांच में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले सेविका सहायिका की बैठक में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कही। उन्होंने कहा कि 17 सूत्री मांगों को लेकर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल चार श्रम संहिता (लेबर कोड) यह मजदूर कर्मचारियों के लिए गुलामी का दस्तावेज है, जो मोदी सरकार ने कोरोना काल में काला कृषि कानून के साथ पास करा लिया था। जिसके खिलाफ श्रमिक संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। यह सरकार अपने पूंजीपति मित्रों अडानी अम्बानी को खुश करने के लिए सरकारी संस्थाओं का अंधाधुंध निजीकरण कर रही है, जिसके कारण सरकारी नौकरियां सीमित हो गया है। बेरोजगारी ने महामारी का रूप ले लिया है। महंगाई से आम आदमी का जिना मुश्किल हो गया है। दूसरी तरफ आंगनबाड़ी में एफआरएस जो सेविकाओं के लिए गले की हड्डी बन गयी है, जिसके तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है। इस हड़ताल को सफल बनाकर केंद्र सरकार को चेतावनी देना है। आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनें कई मायनों में काफी पिछड़ी है, ऐसे में हर काम डिजिटली करने के लिए मजबूर करना उचित नहीं है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शकुंतला मेहता ने जबकि संचालन प्रखंड सचिव मंजू देवी ने की। कार्यक्रम में कुमारी अनामिका, रश्मि, तर्रनुम हाशमी, गुडिया, बबीता, रंजू, मनोरमा, रीता, मुन्नी यादव, किरणदेवी, वीणा, कंचन, पुनम, ललिता, प्रियंका, द्रौपदी, मीरा, रीया, रंजू गुप्ता, सुनिता मेहता, लक्ष्मी, सुनीता, मेडी देवी, पुजा, सुनीता पांडेय, प्रमीला, गीता, ललिता, मीना, मालती गुप्ता, कुमकुम दिवाकर, मंदाकिनी, अर्चना गोश्वामी, प्रतिमा, बसंती, संजु मेहता, अंजु, गंगोत्री, आशा, संगीता, नारंगी, गुडिया, रजनी, फहमीदा खातुन, नाजमा खातून, सुनीता, कुमारी दिप्ती, रूपलता रावत, उर्मिला देवी आदि सेविका सहायिका मौजूद थी।

## केटीपीएस के ऐश पौंड में दो हाथी फंसे

जयनगर(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के केटीपीएस के ऐश पौंड के बीच दो हाथी भटक कर फंस चुके हैं, जिसके कारण अगल-बगल के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बता दे कि बांझेडीह पावर प्लांट के द्वारा निकाला गया ऐश पौंड के अगल-बगल दलदल जैसा क्षेत्र बन चुका है जहां दो हाथी जाकर फंसे हुए हैं। हालांकि खबर मिलने के पश्चात जंगल विभाग के लोग आकर हाथियों को भगाने की कोशिश कर रहे हैं परंतु वे नाकाम हो रहे हैं, इसका मुख्य वजह अगल-बगल दल दलीय क्षेत्र होना है। अगर हाथी भागने की कोशिश करते हैं तो दलदल में फंस जा रहे हैं जिस कारण हाथियों की मौत भी हो सकती है। वजह जो भी हो हाथी ने इन दिनों ग्रामीण इलाकों में अपना डेरा डाल दिया है। पिछले कुछ महीनों में हाथी कई लोगों को कुचल कर मार चुका है। पिछले सप्ताह पीसपीरो निवासी ननकू यादव को हाथियों ने कुचलकर मार दिया था, जिसके कारण अगल-बगल के लोगों में दहशत है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से बहुत जल्द हाथियों को भगाने की मांग की है।

# हजारीबाग के बाजार में 1200 रुपये किलो बिक रहा फुटका

**खरीदारों की लगी रहती है भीड़**

दीपक सिंह



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** वेज मटन के रूप में जाना जाने वाला फुटका हजारीबाग के बाजार में 1200 रुपये किलो बिक रहा है। हजारीबाग शहर में अनुमानतः हर दिन इसका कारोबार 3 से 4 लाख रुपया का है। बरसात के मौसम में जंगलों से उठा कर इसे बाजार में बेचा जा रहा और हजारों की कमायी की जा रही हैं। जंगल और उसके आसपास रहने वालों के लिए आय का अच्छा साधन भी है। हजारीबाग शहर के पुराना समाहरणालय के बाहर दर्जनों विक्रेता फुटका बेचने का काम करते हैं। पूरे बरसात गांव के लोग इसे जंगल से चुनकर बाजार लाते हैं और बेचते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस सब्जी को उपजाने में कोई खर्च नहीं होता, लेकिन कमाई हजारों में होती है। खाने के शौकीन इसे महंगे दाम में खरीदते है। यहां सफेद रंग का मोती की तरह दिखने वाला फुटका खूब बिक रहा है। लगातार बारिश के कारण यह खुद जंगल में उपजता है और सावन के बाद धीरे-धीरे यह समाप्त हो जाता है। जानकार बताते हैं कि जब ज्यादा बिजली कड़कती है तो जंगलों में पैदावार ज्यादा होती है। जंगल में जो पेड़ से पत्ते गिरते हैं, वही फुटका का खाद-पानी होता है। उन्होंने कहा कि फुटका बहुत नाजुक होता है, इसलिए जानकार लोग ही उसे मिट्टी के अंदर से निकालते हैं। मिट्टी से निकालने के बाद अच्छे से धोने के बाद बाजार में महंगी कीमत पर बेचा जाता है। बेचने वाले बताते हैं कि बहुत कम समय के लिए फुटका बाजार में उपलब्ध होता है। फुटका का स्वाद बेहद अनोखा होता है, इस कारण इसकी कीमत भी अधिक होती है।

## बड़कागांव में घूरती रथ यात्रा मेला संपन्न



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव में घूरती रथ यात्रा मेला में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र 9 दिन बाद मौसी बाड़ी से वापस राम जानकी मंदिर लौट गये। मौसी बाड़ी में शनिवार को अहले सुबह कपाट खोल दिया गया था। भक्तगण दिनभर पूजा अर्चना करते रहे। मेले में विभिन्न दुकानों में विभिन्न प्रकार के मिठाइयां क्रय - विक्रय होती रही। रथ पर भगवान जगरनाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा को सवार कराने के दौरान महाआरती की गयी। इसके बाद भक्तो ने रथ को खींचकर बड़कागांव काली मंदिर होते हुए मुख्य चौक लाया गया। देर शाम तक भगवान राम जानकी मंदिर पहुंचे। घूरती रथ चलने के दौरान रेंज ऑफिस, अंबेडकर चौक,काली मंदिर, मुख्य चौक, विभिन्न स्थानों में जगह-जगह पर भक्तों ने भगवान का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। घूरती रथ यात्रा मेला को सफल बनाने में राम जानकी मंदिर रथ मेला पूजा समिति के अध्यक्ष जय हिंद महतो, उपाध्यक्ष पिंटू गुप्ता, सचिव हरिनाथ राम, उपसचिव पवन महतो, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद दांगी, उपकोषाध्यक्ष रविंद्र लाल, मनोरंजन मंत्री बंधन महतो, संरक्षक दर्शन महतो, अंतू महतो, इंगलेश सोनी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पानी भरने से बच्चे परेशान

डोमचांच (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 में बने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 203 मधोती महुआ में पानी भर जाने से बच्चों को आने जाने में काफी मुश्किल होती है। वही सेविका से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कई बार विभाग को इसकी जानकारी दी गयी लेकिन इस पर कोई पहल नहीं किया गया। ऐसे ही पानी में बच्चे आने-जाने के लिए विवश हैं। अगर ज्यादा बारिश होती है तो कमरा भी भर जाता है।

# हाथियों ने लाखों रुपये की फसलों को किया नष्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** कांड़तरी पंचायत के ग्राम ऊपर महुदी बाद 4 और 5 जुलाई को हाथियों ने तांडव मचाया। इस दौरान लाखों रुपये के फसल नष्ट कर दिया। किसानों ने बताया कि हाथियों की झुंड ने फूलमती देवी पति प्रकाश कुमार का एक एकड़ जमीन में लगाये गये मकई का फसल को नष्ट कर दिया। इसके अलावे मित्रजीत महतो का 15 कट्ठा जमीन में लगाये गये मक्कई, 40,000 के दो सोलर प्लेट, प्रयाग ठाकुर का 50,000 की लागत से बोरिंग का पाइप उखाड़ दिया जिससे बोरिंग ध्वस्त हो गया। सिद्धेश्वर महतो, दर्शन महतो, टेक महतो, बलदेव महतो, बालेश्वर महतो के खेत में लगाये गये मकई गन्ना के फसल को नष्ट कर दिया। जिससे किसानों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। जुलाई को ऊपर महुदी में लाखों रुपए से बने कब्रिस्तान को हाथियों तोड़ दिया था।

### 11 दिनों से हाथियों का आतंक जारी

बड़कागांव प्रखंड में हाथियों का आतंक 11 दिनों से जारी है। प्रखंड के जोराकाठ में 25 जून की रात को चरही जंगल से हाथी आए थे, जो गोंदलपुरा, राउतपारा, नापोखुर्द, बरवानिया, बिड़हडिया, गंगादोहर, सोनपुरा, महुदी, मिर्जापुर, काड़तरी में हाथियों ने कहर बरपाया। इस दौरान लगभग 60 घर और दर्जनों एकड़ में लगाये गये मक्का, गन्ना, कद्दू, बोदी, धान का मिर्च, धान के बिचड़ा को नष्ट कर दिया। जिससे किसानों और ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वन विभाग की टीम ने हाथियों को भगाने मुख्य भूमिका निभा रही हैं। जिसमें से प्रभारी फॉरेस्टर अजय यादव, मुनाल भास्कर, प्रभात लकड़ा, बेचन महतो, जगन्नाथ राजवाड़ा, नजीर हुसैन, टीवटी टीम में सरजू महतो, सुखदेव महतो, करण महतो, शिवदयाल महतो, संजय महतो, अशोक महतो ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बेलतू में दो समुदाय के बीच झंडा को लेकर विवाद



केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलतू में शनिवार दो समुदाय के बीच झंडा लगानेको लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार बेलतू बजार टांड़ परिसर बने शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीते 5 मई से 11 मई 2025 तक श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था। यज्ञ के दौरान एक समुदाय के लोगों द्वारा अपने भगवा झंडा और झंडी लगाया गया था। वहीं त्योहार के लेकर दूसरे समुदाय के लोगों ने भी पूर्व से लगे झंडे के समीप ही बाजार टांड़ परिसर में अपने समुदाय का झंडा लगा दिया गया। जिसको लेकर दोनों समुदाय के लोग आमने सामने हो गये। जिसकी सूचना केरेडारी प्रखंड प्रशाशन व बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को मिली जिसपर प्रशाशन तत्परता दिखाते हुए तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों समुदाय के लोगों को काफी समझाने की उपरांत दोनों समुदाय और प्रशाशन के बीच सहमति बना की दोनों समुदाय के झंडा को हटा कर राष्ट्रीय महापुरुष नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा को स्थापित करेंगे। प्रतिमा स्थापित करने को लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। उक्त सहमति के उपरांत एक समुदाय के लोग झंडा हटाने पर सहमत नहीं हुए। जिस कारण बेलतू में स्थिति तनावपूर्ण बना हुआ है। वहीं जिप सदस्य गीता देवी, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी विवेक कुमार, मुखिया जितनी देवी समेत दोनों समुदाय के लोगों तनाव को हटाने का प्रयास में जुटे थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
05

# सीसीएल करमा कोलियरी में चाल धंसी, चार की मौत

## शव के साथ मुआवजा को लेकर पीओ गेट के सामने धरना-प्रदर्शन



### कोयला तस्कर के इशारे पर हो रहा था अवैध कोयला खनन

### एसडीएम और एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** सीसीएल करमा कोलियरी खुली खदान में कोयला तस्कर के इशारे पर हो रहे अवैध कोयला खनन के क्रम में एक बड़ी घटना घट गयी। इस घटना में चार मजदूरों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। जबकि कई लोग मलबे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर, पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। वहीं, विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों के साथ परिजन और ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर पीओ मुख्य द्वार में ताला जड़कर शव के धरना प्रदर्शन कर रहे है। वही, सीसीएल द्वारा पोकलेन मशीन से मलबे को हटाया गया है। बताया जाता है कि महुआटुंगरी व सुगिया के रहने वाले लोग अहले सुबह सीसीएल करमा कोलियरी के खुली खदान में अवैध कोयला उत्खनन कर रहे थे। इस दौरान जोरदार आवाज के साथ अचानक भारी भरकम चाल धंस गया। जिसके बाद उत्खनन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गयी। जिसमें चार लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर, ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह घटनी घटी, अगर समय रहते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खदान के पास चहारदीवारी कराया गया होता तो आज यह घटना नहीं घटती।

**दो जून की रोटी के लिए मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर करते है अवैध उत्खनन:** कोयला आधारित क्षेत्र में अवैध खनन कारोबार इन दिनों अपने चरम पर है। इस वजह से क्षेत्र में हादसे आम बात हो गई। जिसमे अब तक कोयला तस्कर के इशारे पर दो जून की रोटी के लिए कई लोग अपनी जान इन हादसों में गवा चुके हैं। बावजूद कोयले के अवैध खनन पर अबतक नकेल नहीं लग सका है। पुलिस प्रशासन के लिए भी यह जांच का विषय बन गया है। अगर निष्पक्ष जांच होती है तो कई सफेदपोश चेहरे बेनकाब होंगे। प्रशासन भी अवैध खनन के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता हुआ दिखाई देता है। जिसके कारण जिले में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है और इसकी भेंट गरीब मजदूर चढ़ रहे हैं।

### एसडीएम की मौजूदगी में हुई वार्ता

मामले को लेकर प्रबंधन द्वारा परिजनों और ग्रामीणों के साथ एसडीएम अनुराग तिवारी की मौजूदगी में पीओ रेस्ट हाउस में वार्ता आयोजित की गयी। वार्ता में परिजनों द्वारा प्रत्येक मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। इस बीच प्रबंधन द्वारा पचास हजार मुआवजा देने की हामी भरी। जिस पर परिजनों ने साफ इनकार करते हुए अधिक राशि की मांग की। जबकि मृतक निर्मल मुंडा के परिजन ने प्रबंधन द्वारा पचास हजार रुपया मुआवजा प्रस्ताव को मानते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जबकि तीन मृतक के परिजन अधिक राशि मांग की वजह से वार्ता विफल रहा और पुनः धरना पर बैठ गये है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण, परिजनों और जेएलकेएम, झामुमो, भाजपा समर्थकों का आंदोलन जारी है।

### घटना में मृतक और घायलों का नाम

सीसीएल करमा खुली खदान में अवैध उत्खनन के दौरान सुगिया और महुआ टुंगरी के रहने वाले सुगिया निवासी निर्मल मुंडा (40वर्ष), वकील करमाली (50वर्ष), महुआटुंगरी निवासी इम्तियाज अंसारी उर्फ लल्लू (40 वर्ष) व रामेश्वर मांझी (40वर्ष) की मौत हो गयी। जबकि घायलों में मृतक इम्तियाज की पत्नी रोजिदा खातून, धनबेड़वा के नान्हू महतो, महुआटुंगरी के सरिता देवी व अरुण टुडू शामिल हैं।

### एसडीएम-एसडीपीओ ने लिया जायजा

घटना की सूचना के बाद रामगढ़ एसडीएम अनुराग तिवारी और एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान रेस्ट सेल्टर में तैनात कर्मी से घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही, मौजूद करमा पीओ रामेश्वर मुंडा समेत कनीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर सीओ विमल कुमार सिंह, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, मैनेजर संजय सिंह, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह समेत कई अधिकारी शामिल थे।

### परिजनों ने की मुआवजे की मांग

घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शव को पीओ कार्यालय गेट के समक्ष रखकर प्रबंधन से मुआवजा की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। पुलिस मामले की गंभीरता के मद्देनजर घटनास्थल व पीओ कार्यालय में भारी संख्या में मुस्तैदी के साथ डटी है।

## दहेज को लेकर नव विवाहिता की हत्या



टंडवा (आजाद सिपाही)। अभी मेंहदी भी नहीं छूटा था कि शादी के दो माह के बाद 21वर्षीय नव विवाहिता सुनीता देवी को ससुराल वालों ने दहेज को लेकर हत्या करने की सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। यह घटना कोयद पंचायत के सोपारम गांव के टोला बाला बारी का बताया गया है। इस मामले में मृतका के मां के व्यान पर ससुराल के नौ लोगों के खिलाफ केश दर्ज हुआ है। इसमें पति सचिन साव, पिता संतोष साव समेत अन्य शामिल है। इधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति सचिन और उसके पिता संतोष साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग के बोचों गांव की सुनीता की शादी बीते माह 29 अप्रैल को सोपारम निवासी संतोष साव के पुत्र सचिन कुमार के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार धूम धाम से शादी हुई थी। इस घटना के दो माह के बाद शुक्रवार के शाम पांच बजे नव विवाहिता की शव फांसी से लटका मिला। इधर मृतका की मां सुमित्रा देवी ने पुलिस के दिये बयान में आरोप लगाई है कि शादी के बाद से दहेज में चार चक्के गाड़ी की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ना किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना में पति समेत अन्य ससुराल वालों ने बेटी को मार डाला। इधर घटना की सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर उमेश राम ने शव को पोस्ट मार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में इंस्पेक्टर उमेश राम का कहना है कि आरोपी पति सचिन कुमार और उसके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बोंगाबार कोरी खेत बोंगाबार में लगभग 10 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से बरसात के इस मौसम में लोगों काफी दिक्कत हो रही थी। जिसके बाद लोगों ने अपनी परेशानी आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो को बतायी। जानकारी के उपरांत आजसू के केंद्रीय सचिव ने तुरंत विद्युत विभाग से बात कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन शनिवार को आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार कुमार महतो ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा लोगों के हित को प्राथमिकता देती है। कहा कि लोगों को यदि किसी भी तरह की दिक्कत है तो बताएं हम संबंधित विभाग से बातचीत कर उनकी समस्या को दूर करेंगे। बताया कि कोयरी खेत वासियों द्वारा उन्हें ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी गयी। जिसके बाद उन्होंने विद्युत विभाग से तुरंत संपर्क कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ताकि बरसात के इस मौसम में लोगों को परेशानी नही हो। मौके पर ब्रहमदेव महतो, त्रिभुवन महतो, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, भुनेश्वर महतो, लक्ष्मण साव, राजू महतो, उदय महतो, राजेश साव, कालिया महतो, कोलेश्वर महतो, रामधन महतो, प्रकाश साव, संजय महतो, किशोरी महतो, विनोद साव, ललन प्रजापति, कामेश्वर महतो, छोटू महतो आदि उपस्थित थे।

## वन महोत्सव के अवसर पर पौधरोपण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। वन महोत्सव के उपलक्ष्य में धंधार तालाब विकास समिति बंगाली टोला के तत्वावधान में आशुतोष सिंह उर्फ खुदी बाबू व उनके पुत्र सोमनाथ सिंह बंगाली टोला निवासी के सौजन्य से दर्जनों फालदार, छायादार और औषधि गुनयुक्त पौंधो का रोपण किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम का प्रारंभ नारी शक्तियों के हाथों वृक्षारोपण कर किया गया। इस दौरान पीपल, बरगद, बेल, आम नीम, करंज का पौधे लगाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षों का लगाना बहुत जरूरी है और प्राकृतिक विरासत को बचाना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए लोगों ने संकल्प लिया की तालाब में कचरा नहीं फेंकेंगे और लगाए जा रहे हैं पेड़ों का बचाव करेंगे। मौके पर ऋषिकेश सिंह, वरुण सिंह, सतीश तिवारी, कौशल किशोर शर्मा, योगेंद्र मास्टर साहब, शिव प्रवेश शर्मा, मनजीत सिंह, विशाल सिंह, राहुल शर्मा, दीपक उर्फ बाबू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड सभागार में आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी किशोरी यादव और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने की। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मधीर महतो के साथ-साथ मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष, सचिव, लाइसेंसधारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मोहर्रम का जुलूस तय रूट से ही निकाला जायेगा। किसी भी प्रकार का भड़काऊ गाना नहीं बजेगा और डीजे की ध्वनि सीमा का अनुपालन किया जायेगा। सोशल मीडिया पर कोई फेक या आपत्तिजनक पोस्ट न हो, इसे लेकर सभी को सतर्क किया गया और उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से सहयोग की अपील की गयी, मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय और आपसी भाईचारे के साथ मनाने हेतु सभी समुदायों ने एकमत होकर सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया रंजू देवी, राजीव मेहता, परमेश्वर पटेल, शेख बहादुर, पंचायत सचिव वासुदेव महतो, प्रकाश चटर्जी, राजीव कुमार, हैदर अंसारी, बिंदेश्वर सोरेन, बबलू कुमार, उतम कुमार, अल्ताफ अंसारी, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू पुलिस अनुमंडल कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ अमित कुमार डॉक्टर अरविंद कुमार, डॉ मनोज कुमार, जेएसपीएल के डॉक्टर पवन कुमार ने अपनी टीम के साथ पुलिसकर्मियों को हाई और लो ब्लड प्रेशर कि जांच सहित अनेकों बिमारियों के विषय में पुलिस कर्मियों को परामर्श देने के साथ दवाई भी दिया गया। इस दौरान पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने बताया कि डॉक्टरों द्वारा पतरातू पुलिस अनुमंडल अंतर्गत कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों का खुन और स्वास्थ्य संबंधित जांच की गयी। ताकि सभी पुलिसकर्मी फिट रहे।डॉ अमित कुमार ने कहा कि सीएचसी के बैनर तले पुलिस कर्मियों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया इसमें टीवी, मलेरिया, बीपी शुगर एचआईवी सैफलि सस्किल सेल आदि बीमारी से संबंधित 76 पुलिस कर्मियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय कुमार, बरकाकाना थाना प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भदानीनगर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ब्रह्मवत, बासल प्रभारी कैलाश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी स्वास्थ्य जांच कराई। स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल बनाने में मनीष कुमार, रवीश कुमार, जितेंद्र कुमार, इरशाद अहमद, सुधा कुमारी, रीना कुमारी, ओलिवा कुजूर, विद्यानंद चंद्र, सुनील कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय जनता दल का 29वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल का 29वां स्थापना दिवस के मौके पर आज चतरा शहर स्थित चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव के आवास पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर और एक दूसरे को खिलाकर स्थापना दिवस की खुशियां मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल देश का बल है। सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी में सभी एक समान हैं और सभी का मान- सम्मान बराबर है। आज राष्ट्रीय जनता दल बिहार झारखंड समेत कई राज्यों में अपना झंडा बुलंद कर रही है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अतीक मंसूरी ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार समेत हजारों की संख्या में सम्मानित नेतागण, कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## स्व. रामविलास पासवान की 79वीं जयंती मनी



### राजनीतिक में हमेशा प्रभावीं भूमिका रहे रामविलास पासवानः केवल पासवान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** पासवान धर्मशाला दुसाध टोला में लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के संस्थापक पद भूषण से सम्मानित स्व. रामविलास पासवान की 79वीं जयंती रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष और पार्टी के जिला और नगर के पधकारियों द्वारा उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही केक काटकर और एक दूजे को मिठाई खिलाकर उनकी जयंती मनायी गयी। रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के संस्थापक पद्म भूषण से सम्मानित स्व. रामविलास पासवान के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गणेश पासवान, लोजपा के युवा नेता पप्पू राम, राजकिशोर पासवान, सूरजभान सिंह, शंकर ठाकुर, अंकित कुमार, रोशन जसवाल, विक्की कुमार, सौरभ कुमार, प्रिंस. कुमार सागर, गौरव कुमार, कुणाल कुमार, गौतम कुमार, रिशु, प्रभाकर, रोहित, सिंटू कुमार आदि मौजूद थे।

## उज्ज्वला अब बिक्री करेगा सिले हुए वस्त्र : जगेश्वर



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में संस्था की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, सदस्यों का बकाया बचत राशि का वितरण किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन के सिलाई सेंटर में अब वस्त्र तैयार होने लगा है, साथ ही अब बाजार में इनकी बिक्री भी जल्द ही की जायेगी। मौके पर वीणा कुमारी, मनसरी देवी, सुमन देवी, आशा कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, आकांक्षा देवी, नीलम देवी, पिंकी देवी, रूपा देवी, ममता कुमारी, अर्चना देवी, मीना देवी, शकुंतला देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## अफीम खेती के रोकथाम और निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चतरा।** जिले में अवैध अफीम की खेती की रोकथाम और निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कीर्तिश्री ने की। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य जिले में अवैध अफीम उत्पादन की रोकथाम, नशीले और प्रतिबंधित मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को इस विषय पर प्रशिक्षित और सजग बनाना है। यह कार्यशाला राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय नशा उन्मूलन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारी, सभी विभागीय कार्यालय प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करती है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण स्तर पर व्यापक अभियान चलाकर नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और छात्रों, युवाओं और किसानों के बीच विशेष संवाद आयोजित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा जिला और पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की मादक पदार्थ से संबंधित अवैध गतिविधि को सख्ती से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मामले में पुलिस बल लगातार सतर्क है कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा NDPS एक्ट, मादक पदार्थों की पहचान, सामाजिक प्रभाव, पुनर्वास प्रक्रिया और नशा मुक्ति केन्द्रों की भूमिका पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी। सभी उपस्थित लोगों ने स्वयं नशा से दूर रहने और समाज को भी नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया कार्यशाला के दौरान उपस्थित मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी भी क्रमवार ली गयी। प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिया । इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। यह सम्मान प्रतीक स्वरूप प्रशासन की ओर से उनके सहयोग और सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी, उनके सुझाव और क्षेत्रीय अनुभवों ने कार्यशाला को और भी प्रभावशाली बनाया।

## जविप्र दुकान से राशन की चोरी

गोला (आजाद सिपाही)। गोला थाना क्षेत्र के मुरुडीह गांव में बीती रात को अज्ञात चोरों ने जविप्र दुकानदार मोतीलाल साव के दुकान से तीन बोरा चावल और गेहूं की चोरी कर ली। बताया गया कि चोरों ने रात को दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गये। इसके बाद राशन लेकर फरार हो गये। सुबह दुकान का ताला टूटा हुआ देखकर अंदर देखा तो राशन गायब है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही रोला गांव में अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर दो लाख नकद समेत अस्सी से पच्चासी ग्राम सोना ले गय थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या : एस.जी. 664-06-टेली-2025-26 धनबाद दिनांक, दिनांक 04.07.2025 ई.निविदा सचूना सं. एस.जी. 664-06-टेली-2025-26** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए DHN डिवीजन के GC अनुभाग में घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली (CCK-HZD और KSHR-CBH अनुभाग में) का प्रावधान करने हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 4,83,62,797.97, **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 3,91,800.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 25-07-2025 (12:00 बजे)।

5. ऐसी ई.निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य :- प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/0541/डीएचएन/एस&टी/टी/25-26/40**

## फर्जी नौकरी के मामले में सीआइडी ने टंडवा अंचल में की जांच, 2014-18 की फाइल खंगाली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** सीसीएल की पिपरवार अशोका परियोजना में फर्जीवाड़ा कर जमीन के बदले 22 रैयतों के नौकरी लेने के मामले में सीआईडी रांची के सीनियर डीएसपी दीपक कुमार की तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार दोपहर तीन बजे टंडवा अंचल आकर जांच पड़ताल किया। इस जांच में सीआइडी की टीम दो घंटे तक नौकरी दिये जाने से संबंधित संचिकाओ की जांच पड़ताल की। रांची से आए सीआइडी की तीन अधिकारियों की टीम ने सीओ विजय कुमार दास से इस मामले की पूरी जानकारी ली। साथ ही कुछ संचिकाओ को जब्त कर रांची ले गयी। बताया गया की जमीन के बदले सीसीएल की नौकरी लेने में फर्जी सत्यापन और फर्जी वंशावली होने का भंडा फोड़ चतरा जिला प्रशासन ने किया था। इस मामले में 22 सीसीएल कर्मियों के खिलाफ जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के बयान पर टंडवा थाना में कांडा 53/25 ने सीसीएल कर्मियों के खिलाफ केश दर्ज हुआ था। यह केश बाद में सीआइडी ने टेक ओवर कर लिया। अधिकारियों के अनुसार चर्चा है की 2014से लेकर 2018 तक के अंचल के अधिकारी जांच के दायरे में आ सकते है।

### क्या है मामला

पिपरवार के अशोका में जमीन के बदले फर्जीवाड़ा हुआ है,जिसमें वंशावली बनाने में अंचल और सीसीएल की बाबुओं की मिली भगत की खुलासा सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने की थी।दर्ज केश ने भु-अर्जन पदाधिकारी का आरोप है कि कुछ मामले में अंचल के पदाधिकारी कर्मी सीसीएल पदाधिकारी और कर्मियों ने सांठ गांठ कर फर्जी बनवाटी वंशावली, फर्जी लगान, रशीद, हुकुमनामा फर्जी जमाबंदी कर सीसीएल में धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल किया गया है। इधर इस जांच से हड़कंप मचा हुआ है।

## डीएवी स्कूल में वन महोत्सव मना

रजरप्पा(आजाद सिपाही)। रजरप्पा कोयलांचल की प्रतिष्ठित विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में साप्ताहिक वन महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साहपूर्वक किया गया। इस महोत्सव में कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। साप्ताहिक दिनों में बच्चों के बीच कई कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना था। शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों द्वारा मिलकर विद्यालय परिसर में फलदार, छायादार और औषधियुक्त पौधे लगाये गये। बीते सात दिनों में बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिताए आदि आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय की प्राचार्य ने कार्यक्रम की शुरूआत की उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी।

**कोर्ट नोटीस**

न्यायालय,
जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग,
गुमला
वाद सं० - C- 38/2024
इफतेखार वारसी ............आवेदक ।
बनाम
मो० आरिज इमरान .......... विपक्षी ।
**नोटिस बनाम**
मो० आरिज इमरान प्रोपराईटर आयशा ट्रेडर्स, एस० के० टिम्बर के सामने ओल्ड एच० वी० रोड कॉटाटोली राँची, 834001 झारखण्ड ।

आपको सुचित किया जाता है कि आवेदक ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर किया है जिसमें इस न्यायालय के माध्यम से एवं निबंधित डाक से आपके विरूद्ध नोटिस निर्गत किया गया था, इसके बावजुद आपने अभी तक इस न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है।

इसलिए आप को इस नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि आप दिनांक - 07/07/2025 को 10:30 AM बजे पूर्वाहन अपना अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी । इसे सख्त ताकिद जाने ।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से यह नोटिस जारी किया गया ।

ह0/- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
गुमला

# खेल भावना

सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम और निशानेबाजों को भारत आने की अनुमति दे दी है। पहलगाम जैसी आतंकी घटना का सामना करने के बावजूद भारत ने खेल भावना को बनाये रख परिपक्वता का सबूत दिया है।

**जिम्मेदारी भरा कदम :** भारत को हॉकी के एशिया कप और एफआइएच जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। इसके अलावा शूटिंग में आइएसएसएफ जूनियर विश्व कप भी होना है। दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए यह असमंजस बना हुआ था कि पाकिस्तान इन इवेंट्स में हिस्सा ले पायेगा या नहीं, लेकिन भारत ने जिम्मेदारी भरा परिचय दिया।

**खिलाड़ियों को सजा क्यों :** सरकार का यह फैसला ही हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के अंतर को सामने ला देता है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का निशाना आम लोग बनते हैं, जबकि पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाते वक्त भी भारत ने यही कहा कि उसकी लड़ाई केवल आतंकियों से है, आम लोगों से नहीं। सरकार का मौजूदा फैसला भी इसी भावना से जुड़ा है। पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट के किये की सजा उसके खिलाड़ियों को देना सही नहीं होगा।

**राजनीति और खेल अलग :** भारत का कदम इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन और इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी की नीतियों के अनुरूप है, जो खेल में निष्पक्षता और सहभागिता पर जोर देते हैं। खेल को राजनीति से नहीं मिलाया जा सकता। वैसे भी मेजबान होने के नाते भारत पर जिम्मेदारी ज्यादा है। उसे इन इवेंट्स में सभी प्रतिभागी देशों को समान मौके उपलब्ध कराने चाहिए और उसने यही किया।

**पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का निशाना आम लोग बनते हैं, जबकि पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाते वक्त भी भारत ने यही कहा कि उसकी लड़ाई केवल आतंकियों से है, आम लोगों से नहीं।**

**नियमों का सम्मान :** आइओसी और एफआइएच जैसी संस्थाओं के नियम बेहद कड़े हैं। पाकिस्तान को अनुमति नहीं देने पर खुद भारत के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं। ईरान ने अपने खिलाड़ियों को इस्राइल का सामना करने से मना किया और इसके चलते 2021 में इंटरनेशनल जूडो फेडरेशन ने उस पर बैन लगा दिया था। खुद पाकिस्तान ने जब 2019 में प्रो लीग हॉकी के पहले तीन मैचों से नाम वापस लिया, तो अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उसे पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया था। भारत ने नियमों का सम्मान किया है।

**भारत की उदारता :** खेल लोगों को जोड़ने का माध्यम बन सकता है। अतीत में हमने स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी का कमाल देखा है, जिसकी वजह से बातचीत का रास्ता खुला। सरकारों के स्तर पर न सही, आम लोगों के स्तर पर संबंध सुधारने की हर पहल का स्वागत होना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अमर शहीद लाला जगत नारायण के साथ पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा का खास प्यार रहा। कुरुक्षेत्र के विकास में इन दोनों विभूतियों ने देवी दयाल नन्हा, डॉ शांति स्वरूप शर्मा, धर्मवीर सभ्रवाल के साथ मुख्य भूमिका निभायी। गुलजारीलाल नंदाजी के नजदीकी विजय सभ्रवाल बताते हैं कि नंदा के साथ आर्थिक तंगी इस कदर थी कि एक बार वह घर का किराया नहीं चुका पा रहे थे, जिस कारण उनके मकान मालिक ने उन्हें नयी दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी के घर से बाहर निकाल दिया।**

# गुलजारीलाल नंदा किराया नहीं दे पाये तो मकान मालिक ने घर से निकाला

कृष्ण धमीजा

स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा अपनी सादगी और विनम्रता के लिए पहचाने जाते थे। वह 2 बार देश के अंतरिम प्रधानमंत्री भी रहे। आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की अगुवाई में बनी कांग्रेस सरकार में कई अहम मंत्रालयों के मंत्री भी रहे। नंदा दोनों बार जब अंतरिम प्रधानमंत्री बने तो उस समय वह देश के गृह मंत्री थे। इन दौरान वह 13-13 दिनों के लिए इस पद पर रहे।


अमर शहीद लाला जगत नारायण के साथ पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा का खास प्यार रहा। कुरुक्षेत्र के विकास में इन दोनों विभूतियों ने देवी दयाल नन्हा, डॉ शांति स्वरूप शर्मा, धर्मवीर सभ्रवाल के साथ मुख्य भूमिका निभायी। गुलजारीलाल नंदाजी के नजदीकी विजय सभ्रवाल बताते हैं कि नंदा के साथ आर्थिक तंगी इस कदर थी कि एक बार वह घर का किराया नहीं चुका पा रहे थे, जिस कारण उनके मकान मालिक ने उन्हें नयी दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी के घर से बाहर निकाल दिया। बात जब मीडिया में आयी, तब मकान मालिक को पता चला कि वह 2 बार देश के पीएम रहे हैं। बाद में वह अपनी बेटी के पास रहने के लिए अहमदाबाद चले गये।

**प्रधानमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने वाले गुलजारीलाल नंदा ने जीवनभर ईमानदारी के साथ काम किया और संपति नहीं बनायी।**

गुलजारीलाल नंदा का जन्म अविभाजित पंजाब के सियालकोट में 4 जुलाई, 1898 को हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई लाहौर, आगरा और इलाहाबाद में पूरी की। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी (1920-1921) में उन्होंने श्रम संबंधी समस्याओं पर एक रिसर्च स्कॉलर के रूप में काम किया। साल 1921 में ही वह नेशनल कॉलेज (मुंबई) में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बन गये। हालांकि इस बीच वह देश की आजादी के आंदोलन से जुड़े रहे। साल 1921 में ही गुलजारीलाल पहली बार महात्मा गांधी से मिले और उन्होंने उन्हें गुजरात में ही बसने का अनुरोध किया। इसी साल वह महात्मा गांधी की ओर से शुरू किये गये असहयोग आंदोलन में शामिल हो गये। अगले साल 1922 में वह अहमदाबाद टैक्सटाइल लेबर एसोसिएशन (जिसे मजदूर महाजन संघ भी कहा जाता है) के सचिव बने, जिसमें उन्होंने 1946 तक काम किया। साल 1932 में सत्याग्रह करने की वजह से वह जेल गये। 1942 में भी वह जेल गये और 1944 तक जेल में ही रहे। इस बीच गुलजारीलाल नंदा 1937 में बंबई विधानसभा के लिए चुने गये।

1937 में नंदा तत्कालीन बंबई सरकार के संसदीय सचिव (श्रम और उत्पाद शुल्क) बने, जहां वह 2 साल तक रहे। बाद में बंबई सरकार में श्रम मंत्री (1946 से 1950) बने। आजादी के बाद मार्च 1950 में नंदा योजना आयोग के उपाध्यक्ष बनाये गये।

अगले साल सितंबर में केंद्र सरकार में योजना मंत्री बने। इस बीच उनके पास सिंचाई और बिजली विभागों का प्रभार भी आ गया। 1952 में देश में हुए पहले आम चुनाव में वह मुंबई से लोकसभा के लिए चुने गये और फिर योजना मंत्री के साथ-साथ सिंचाई और बिजली मंत्री भी बने। 1957 में देश के दूसरे आम चुनाव में भी नंदा लोकसभा के लिए चुने गये। प्रधानमंत्री नेहरू ने उन्हें श्रम, रोजगार और नियोजन मंत्री बनाया। बाद में उन्हें योजना आयोग का उपाध्यक्ष भी नियुक्त कर दिया गया। 1962 के तीसरे आम चुनाव में नंदा ने गुजरात की साबरकांठा संसदीय सीट से जीत हासिल की। इस बीच नंदा ने 1962 में समाजवादी लड़ाई के लिए कांग्रेस फोरम की नयी शुरुआत की। इसके अलावा वह 1962 और 1963 में श्रम और रोजगार मंत्री रहे।



निधन से कुछ समय पहले साल 1997 में गुलजारीलाल नंदा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। राजनीति से दूर 0होने के बाद वह दिल्ली छोड़ कर गुजरात चले गये। वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस ली। नंदा का निधन 99 साल की उम्र में 15 जनवरी, 1998 को अहमदाबाद में हुआ। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने वाले गुलजारीलाल नंदा ने जीवनभर ईमानदारी के साथ काम किया और संपति नहीं बनायी।

तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने 1963 में गुलजारीलाल को गृह मंत्री बनाया जिससे कैबिनेट में उनकी नंबर दो की हैसियत हो गयी। वह 1966 तक देश के गृह मंत्री रहे।

27 मई, 1964 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद गुलजारीलाल नंदा को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया गया। हालांकि वह खुद भी प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में थे, लेकिन तब के कांग्रेस अध्यक्ष के. कामराज ने लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर मुहर लगायी। ऐसे में नंदा पीछे छूट गये और महज 13 दिन ही कार्यवाहक पीएम के रूप में काम कर सके।

हालांकि देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी ज्यादा समय तक पद पर नहीं रह सके। पाकिस्तान के साथ युद्ध में जीत हासिल कर शांति समझौते के लिए तत्कालीन रूस गये पीएम शास्त्री का ताशकंद में 10 जनवरी, 1966 को संदिग्ध परिस्थितियों में निधन हो गया। ऐसे में नंदा को एक बार फिर देश का कार्यवाहक पीएम बनाया गया।

निधन से कुछ समय पहले साल 1997 में गुलजारीलाल नंदा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। राजनीति से दूर होने के बाद वह दिल्ली छोड़ कर गुजरात चले गये। वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस ली। नंदा का निधन 99 साल की उम्र में 15 जनवरी, 1998 को अहमदाबाद में हुआ। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने वाले गुलजारीलाल नंदा ने जीवनभर ईमानदारी के साथ काम किया और संपत्ति नहीं बनायी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में मिलने वाली पेंशन लेने से भी मना कर दिया। हालांकि बाद में आर्थिक तंगी की वजह से उन्हें 500 रुपये की पेंशन स्वीकार करनी पड़ी थी।

## कोल्हान की खबरें

# मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में डायबिटिक न्यूरोपैथी पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा डायबिटिक न्यूरोपैथी प्रारंभिक निदान में ऑटोनॉमिक फंक्शन टेस्ट की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सीएमइ एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यशाला में दिल्ली एम्स शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ अशोक जार्याल,एआईएमएसटी यूनिवर्सिटी मलेशिया के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मधुमिता सेन, जोधपुर एम्स डॉ शिवल श्रीवास्तव, टाटा मोटर्स अस्पताल जमशेदपुर मेडिसिन विभाग प्रमुख डॉ राजेश कुमार ठाकुर सहित देश-विदेश के विशेषज्ञों ने डायबिटिक ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी के प्रारंभिक निदान एवं प्रबंधन पर व्याख्यान दिये। कार्यशाला में ऑटोनॉमिक फंक्शन असेसमेंट और नर्व कंडक्शन टेस्ट का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया।

विशेष आकर्षण के रूप में न्यूरो-क्वेस्ट द ऑटोनॉमिक चैलेंज नामक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें एमबीबीएस के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देश-विदेश से 380 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में डीन इंचार्ज समेत कॉलेज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को एडी इंस्ट्रूमेंट्स, जेपी ब्रदर्स, बिपनी कलामंदिर और आरएमएस इंस्ट्रूमेंट्स ने प्रायोजित किया।

# डालसा ने लीगल लिट्रेसी क्लब के तहत जागरूकता अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट जमशेदपुर द्वारा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों समेत विभिन्न स्कूलों में संचालित लीगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से बच्चों के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाया। शनिवार को अभियान दौरान डालसा सचिव धर्मेंद्र कुमार ने बताया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में जिलेभर में यह अभियान चलाया गया। इसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग, बाल विवाह के दुष्परिणाम और नालसा की अन्य योजनाओं पर बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गयी। सुंदरनगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, हेल्पलाइन नंबर व विधिक सहायता के बारे में बताया गया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने पर बल दिया गया। यह अभियान पीपुल्स एकेडमी, भारत सेवा आश्रम संघ स्कूल, सेंट जोसेफ हाई स्कूल, टीपीएस डीएवी, हिलटॉप स्कूल, सिधु कान्हू शिक्षा निकेतन, जमशेदपुर गर्ल्स हाई स्कूल सहित जिले के कई कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संचालित किया गया। मौके पर डालसा पीएलवी अरुण रजक, ग्लोरिया पूर्ति, जयन्तो नंदी, शंकर गोराई, सूरज कुमार, बालेश्वर दास समेत शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## झामुमो नेता सहित पांच महिलाएं अपहरण मामले से बरी



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत और उनके साथ पांच महिलाओं को अपहरण मामले में न्यायालय ने बरी कर दिया। विदित हो बीते 12 फरवरी 2023 को राजनीतिक साजिश के तहत एक लड़की के अपहरण करने का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। राजेश सामंत ने बताया उनकी मामी लखी नाग की बेटी अंजली नाग फेसबुक पर यूपी के एक लड़के से बात कर लापता हो गयी थी। जानकारी मिलने पर लखी नाग अपनी महिला साथियों के साथ बेटी को लेकर बिरसानगर थाना पहुंच गयी थीं। आरोप है राजनीतिक विरोधियों ने थाना में लड़की और लड़के को डरा-धमका कर उनके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। राजेश सामंत ने कहा न्यायालय पर पूर्ण विस्वास था, सत्य का कभी हार नही होती। यह पूरी तरह राजनीतिक साजिश थी। सच्चाई की जीत हुई और न्यायालय ने सभी को बरी कर दिया। बरी होनेवालों में झामुमो नेता राजेश सामंत के साथ लखी नाग, झामुमो महिला नेत्री आशा देवी, जलेश्वरी भुइंया, प्रिया भुइंया, रवि दास मुंडा, गुड़िया देवी और बीना मुंडा शामिल हैं।

## कुकरू प्रखंड का परगामा पंचायत भवन जर्जर



चांडिल (आजाद सिपाही)। चांडिल अनुमंडल के कुकरू प्रखंड अंतर्गत परगामा पंचायत भवन की हाल बदहाल होने लगी है। पंचायत भवन के ऊपरी मंजिल में कमरों की छत जगह-जगह से ढहने लगी है।इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। बरसात में भवन के हर कमरे में पानी रिस रहा है। जिससे शॉर्ट सर्किट जैसे अप्रिय घटना घटने का खतरा बनी हुई है। पंचायत भवन की जर्जर हालत के कारण ग्रामीणों को जरूरी प्रमाण पत्र (आय, जाति, आवासीय, जन्म-मृत्यु), मनरेगा समिति समेत अन्य सरकारी योजनाओं के संचालन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के मुखिया लाल मांझी ने बताया भवन मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गयी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मुखिया ने बताया नया भवन निर्माण करवाने का भी प्रस्ताव दिया गया था, उस पर भी कोई पहल नहीं हुई।

## होम गार्ड जवानों को लोक सेवक का दर्जा व अधिनियम संशोधन की मांग

रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ प्रदेश समिति झारखंड के तत्वावधान में होम गार्ड एक्ट 1947 में संशोधन तथा होम गार्ड जवानों को लोक सेवक का दर्जा देने की मांग को लेकर संघ ने राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,झारखण्ड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और संबंधित अधिकारियों को स्मारपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किया।शनिवार को संघ के प्रदेश संगठन सचिव विरसा भेंगारा, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश कुमार यादव व कमल कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।उन्होंने बताया झारखंड राज्य गजट 25 जनवरी 2006 में यह स्पष्ट उल्लेखित है गृह रक्षक भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थ में लोक सेवक माने जाएंगे। परंतु आज तक राज्य के होम गार्ड जवानों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। स्मारपत्र में कहा गया पूरे भारतवर्ष में अलग-अलग राज्यों ने अपने-अपने अधिनियम और नियमावली बनाकर इस संस्था का संचालन किया। लेकिन स्वयंसेवी शब्द जोड़कर जवानों का शोषण और दोहन किया जा रहा है।

### पाहन टोला हत्याकांड में पुलिसिया जांच पर उठ रहा सवाल

# परिजनों ने आइजी से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता






**आदित्यपुर।** राजधानी रांची के बड़गाईं स्थित पाहन टोला में वर्ष 2023 में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाये गये प्रकाश भुट कुमार की बहन जुली ने मामले की जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसएसपी समेत राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा। बीते दिनों मृतक के परिजनों ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप कर हत्या की गहराई से जांच कर आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए मांग की।

जुली ने आवेदन में लिखा 23 मार्च 2023 को उनके भाई की संदिग्ध मौत के बाद भी मामले को दबाने की कोशिश किया गया। मृतक के चेहरे और सिर पर गहरे चोट के निशान होने के बावजूद उनके चाचा बन्नु पाहन ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव को दफना दिया। बाद में मोबाइल की रिकॉर्डिंग से हत्या की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा सदर थाना में 10 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी सिर पर गहरे वार से मौत की बात स्पष्ट है। उन्होंने अनुसंधानकर्ता दीपक नारायण सिंह पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया।

जुली भुट ने कहा कि उन्होंने दिसंबर 2023, सितंबर 2024 और अब जून 2025 में पुलिस महानिदेशक, अन्वेषण विभाग और डीआइजी को पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगायी।

# प्राकृतिक शक्ति की आराधना हमारी संस्कृति की पहचान : कुणाल षाड़ंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** प्राकृतिक आस्था व लोक परंपरा के प्रतीक चाकुलिया के कनहेश्वर पहाड़ में भव्य पहाडी पूजा का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित पूजा में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी और बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल हुए।मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति के लिए कामना की। पूजा स्थल में दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होकर पूजा अर्चना की।इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों की पहल पर श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की सुविधा के लिए नाम्या स्माइल फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा प्राकृतिक शक्ति की आराधना हमारी संस्कृति की पहचान है। इस तरह की आयोजन में श्रद्धालुओं की सेवा करने से संतोष और प्रेरणा दोनों मिलती है।

वहीं विधायक समीर मोहंती ने कहा जनसेवा और जनस्वास्थ्य को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमेशा रही है। यह पहल उसी दिशा में एक छोटा से प्रयास है। पूजा और शिविर में चकुलिया प्रखंड अध्यक्ष शिव चरण हांसदा, प्रखंड प्रमुख धनंजय करूणामय, मुखिया साहिब राम मार्डी, पितला दास, राहुल महतो, राजेश सिंह, बिस्वजीत भोळ, गौतम भारद्वाज, माधव सिंह, संजय सिंह, कमल लोचन बेरा, रामानंद गोस्वामी, प्रदीप गिरी, सूरज, विकास मिश्रा और रॉनी महेश्वर का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## एसपीडी कॉलेज में किया गया पौधरोपण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के द्वारा पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चैबे ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी के बच्चें इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रो विवेकानंद उपाध्याय, डॉ उमेश सहाय, डॉ हिमांशु भूषण जरुहार, प्रो धीरेंद्र कुमार मिश्र, प्रो प्रमिला, प्रेम सागर राम समेंत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा के टंडवा परिसर में वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश तिवारी विनय चौबे संजय कुमार ठाकुर, टिंकू गुप्ता, अरविंद तूफानी, सत्येंद्र सोनी संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, अनिल कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा आज जिस तरह से प्रदूषण चरम पर है। इसको रोकने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि हर किसी को पौधारोपण करना चाहिए। हर शुभ कार्य में पौधा लगाये आम जनता।

## एंटी रैगिंग से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में शनिवार को एंटी रैगिंग से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने अनुरूप किसी भी प्रकार से सीनियर छात्रों के द्वारा कोई भी कार्य को जबरदस्ती करना या शोषण करने से रोकने के लिए तथा इस शोषण में उनके साथ ना देना, किसी भी प्रकार से रैगिंग में साथ न देने के लिए तथा जो छात्र रैगिंग कर रहे हैं उनका विरोध करना तथा अपने विभाग के विभाग अध्यक्ष को सूचना करना मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में फार्मेसी संकाय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर प्रोफेसर मनीष दुबे , नेहा खरे, राहुल कुमार, महेश सिंह, रोहित गुप्ता, अंकिता तिवारी, शशी भूषण, आनंद, हिमांशु, अरुण तथा अन्य शिक्षक गणों की उपस्थिति में किया गया।

## ताजिया और अखाड़ा के साथ मातमी जुलूस निकला



मेराल (आजाद सिपाही)। हसन और हुसैन की याद में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में ताजिया और अखाड़ा के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। जिसमें मेराल के विभिन्न टोलों से निकाला गया जुलूस का मिलनी आदर्श मध्य विद्यालय के समीप चरमुहन पर हुआ। निकाले गए जुलूस में नवयुवक अखाड़ा के साथ मातम करते रहे। युवकों के साथ बुजुर्गों ने भी लाठी-डंडा से पारंपरिक करतब दिखाए। जुलूस में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे शामिल थे। इसके अलावा प्रखंड के पेशका, ओखरगाड़ा, लोवादाग आदि जगह पर भी जुलूस निकाला गया।

## बीमा करायें सुरक्षा पायें : दिलीप कुमार मिश्रा

रंका (आजाद सिपाही)। बैंक दिवस के अवसर पर मंगलवार (1जुलाई 2025 ) को भारतीय स्टेट बैंक, रंका शाखा ने एसबीआई लाइफ और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत चार लोगों के बीच कुल 26 लाख रुपये बीमा राशि का भुगतान किया। यह बीमा राशि हेमंत सिंह पिता त्रिभुवन सिंह ग्राम - बिंदा बिचका, थाना - भंडरिया को एसबीआई लाइफ बीमा के अंतर्गत 20 लाख रुपये भुगतान किया गया। वहीं रेशमी देवी पति प्रभू सिंह ग्राम - गौरगाड़ा, थाना - रंका एवं संतोष प्रसाद पिता लाला साव ग्राम + थाना - रंका तथा विद्यासागर गुप्ता पिता महावीर सागर गुप्ता ग्राम - जरहागढ़ थाना+ जिला - अंबिकापुर (छग) इन तीनों लोगों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो - दो लाख रुपये का चेक भुगतान शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह गढ़वा पहुंचे, कहा

# भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एकदिवसीय प्रवास पर गढ़वा पहुंचे। संगठन पर्व को लेकर जिला कार्यालय गढ़वा में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। बैठक के दौरान सदस्यता अभियान का समीक्षा एवं संगठन निर्माण को लेकर चर्चा हुई। बैठक के उपरांत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें आम सहित कई फलदार वृक्ष संगठन महामंत्री भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो सहित अन्य पदाधिकारी ने लगाया।

मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ हैं, कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है जहां हर फैसला कार्यकर्ताओं की सहमति से तय होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चुनावी प्रक्रिया को लेकर मंडल से जिला तक के नेता कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। बहुत जल्द मंडल से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर पर संगठन का निर्माण किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश केशरी, उपाध्यक्ष विकास प्रितम सुरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, ओमप्रकाश गुप्ता, अरविंद तुफानी, जिला उपाध्यक्ष मथुरा पासवान, मधुलता कुमारी, मिडिया प्रभारी रितेश चौबे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी रितेश दुबे, विनोद, कैलाश, सुरेंद्र, धनंजय, शुभम, मनोज, बलराम, पवन, रामलला सहित अन्य कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दूसरे प्रदेश में काम करने गये युवक की रहस्मय तरीके से मौत

रविकांत चंद्रवंशी

केतार। थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के आदिवासी बहुल टोला मायर निवासी रामबिहारी सिंह के 23 वर्षीय पुत्र छोटन सिंह की मुंबई से पंजाब जाने के क्रम में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गयी। उसका शव हरियाणा के फरीदाबाद जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर लावारिस अवस्था में बरामद हुआ।स्थानीय पुलिस ने जब शव की पहचान के लिए जांच शुरू की तो मृतक के पास से आधार कार्ड और एक डायरी मिली। जिसमें गढ़वा जिले के केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर गांव का पता दर्ज था। इसी आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया और घटना की सूचना दी। सूचना पाते ही परिजन कर्ज लेकर अपने बेटे का शव लेने फरीदाबाद के रसूलपुर थाना पहुंचा। रसूलपुर थाने में कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद निजी एंबुलेंस से शव शनिवार की सुबह अपने घर लाया। जैसे ही छोटन सिंह का शव गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। हर किसी की आँखें नम थीं। घटना की खबर मिलते ही झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडे, दीपक वर्मा, दिनेश वर्मा सहित पंचायत के मुखिया मूंगा साह मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडे ने केतार थाना प्रभारी से दूरभाष के माध्यम से इस मामले में परिजनों को जांच पड़ताल में हर संभव मदद करने का आग्रह किया।



मृतक का फाइल फोटो।

**पलायन पर उठते सवाल :** इस दुखद घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में पलायन की गंभीरता को उजागर कर दिया है। यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि एक सवाल है सरकार और समाज के लिए।

**क्या कहते है थाना प्रभारी :** इस मामले में थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी से पूछे जाने पर बताया की यदि परिजनों के द्वारा घटना स्थल से संबंधित थाने में आवेदन दिया जाता है तो स्थानीय थाना न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद करेगी।

## कांडी-मझिगावां-कवलदाग सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोप

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरपुर। बीते सात वर्षों से विवादों में घिरा कांडी-मझिगावां-कवलदाग होते हुए भवनाथपुर तक जाने वाला सड़क निर्माण कार्य एक बार फिर चर्चा में है। कभी निर्माण कार्य में देरी, तो कभी उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब एक बार फिर मझिगावां मुख्य बस्ती में बारिश के बीच चल रही पीसीसी ढलाई पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कड़ा ऐतराज जताया है। अब इस ढलाई किए जाने से डायवर्सन नहीं देने के कारण राहगीरों को भी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभूनाथ शाह और पंचायत समिति सदस्य (पश्चिमी क्षेत्र) सुनील यादव ने आरोप लगाया कि सड़क ढलाई में घटिया और मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने कार्यस्थल पर पहुंचकर कार्य को रुकवा दिया और साफ कहा कि जब तक उच्च गुणवत्ता की बालू का उपयोग नहीं किया जायेगा, तब तक ढलाई नहीं होने दी जायेगी। सुनील यादव ने कहा कि वर्षों बाद यह सड़क निर्माण शुरू हुआ है, इसलिए ग्रामीण चाहते हैं कि इसमें पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता बरती जाये। उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों से अपील की कि सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित कराया जाये। इस मौके पर वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे, नंदू रजवार, विष्णु साह, वीरेंद्र साह, जितेंद्र चौबे, मुंद्रिका ठाकुर, रामदास रजवार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में घटिया निर्माण सामग्री के खिलाफ विरोध जताया।



सड़क का विरोध करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

## बंजारी नौका टोला में सेविका-सहायिका चयन प्रक्रिया विवाद के चलते अगले आदेश तक स्थगित



बैठक में उपस्थित बीडीओ सह सीडीपीओ अन्य लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भंडरिया प्रखंड के बंजारी नौका टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका-सहायिका चयन को लेकर शुक्रवार को आमसभा आयोजित की गयी थी। यह चयन प्रक्रिया बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में संपन्न होनी थी। चयन को लेकर विवाद इस बात पर खड़ा हो गया कि चयन पत्र में केंद्र का नाम 'बंजारी नौका टोला' अंकित था, जबकि दो अलग-अलग गांव नौका और बंजारी होने के कारण दोनो गांव के आवेदिकाओं ने आवेदन कर दिया था। इसी बीच नौका गांव के ग्रामीणों का तर्क था कि यह चयन उनके गांव के लिए निर्धारित है, जबकि बंजारी गांव के लोगों का कहना था कि सरकारी पत्र में 'बंजारी नौका' लिखा गया है, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि यह एक ही गांव है या दो अलग-अलग। इस विवाद के चलते दोनों गांवों के लोगों ने अपनी-अपनी दावेदारी जतायी और चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में चयन प्रक्रिया पूरी करने की अपील भी की, लेकिन जब ग्रामीणों के बीच सहमति नहीं बन सकी और विवाद थमता नहीं दिखा, तो बीडीओ ने चयन प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया। इस दौरान उपप्रमुख श्रद्धा देवी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, मुखिया विनय सिंह, वार्ड सदस्य विश्वनाथ सिंह, महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी, सेविका, सहायिका समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली पोल की अर्थिंग में आया करंट, अधेड़ की मौत



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय के पूवार्रा टोला में शनिवार की सुबह बिजली पोल की अर्थिंग में आया करंट से एक अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर महतो (40) पिता स्व शिव महतो अपने घर के पास पूर्व में एक पेड़ से बांधा गया नंगा तार को खोल रहे थे, तार पेड़ से खुलते ही पास में ही स्थित बिजली पोल में लिपट गया, जिसमें ऊपर से जमीन के नीचे लोहा तार का अर्थिंग दिया गया था, जिसमें किसी तरह करंट प्रवाहित हो रहा था। गुप्तेश्वर इस बात से अनभिज्ञ थे कि जिस तार को हम पेड़ से खोले है उसमें करंट आ गया है। उसने खोले हुए तार को जैसे ही पकड़ कर खींचना चाहे कि उनमें करंट आ गया और वह गिरकर छट-पटाने लगे। उस समय वहां से गुजर रहे पूर्व उप मुखिया अर्जुन मेहता ने गिरकर छट-पटाते हुए देखा तो हल्ला करते हुए पास में पड़े एक बांस से तार को किसी तरह अलग किया और बेहोशी की हालत में उन्हें तुरंत सीएचसी मेराल ले गये, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दामार टोला में पेड़ पर झूलता मिला शव

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत करके गांव के दामार टोला में उस वक्त सनसनी फैल गयी, जब गांव के ही एक पलाश के पेड़ पर एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान रामजी सिंह के 25 वर्षीय पुत्र ननकेश्वर सिंह के रूप में की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ननकेश्वर सिंह शुक्रवार की शाम अपना झोला लेकर बाहर के राज्य में मजदूरी करने के लिए निकला था। घर से निकलने के लगभग तीन घंटे बाद ग्रामीणों ने उसी टोला के पलाश पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ देखा। जब पास जाकर देखा गया तो वह ननकेश्वर ही था। घटना की जानकारी मिलते ही डंडई थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तफ्तीश कर रही है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कारण है।

# आरके पब्लिक स्कूल हूर में पौधरोपण कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल, हूर में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और छात्रों में हरियाली के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या नसरीन हक द्वारा पौधा लगाकर की गयी। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पृथ्वी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह हमें ऑक्सीजन देते हैं, वायु को शुद्ध करते हैं और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ जीवन संभव है। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से कक्षा सातवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखायी। बच्चों ने विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, इमली, गुड़हल, गेंदा, चमेली, एलोवेरा सहित अनेक प्रकार के पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों में प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम बना रहे।


कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची) Phone/Fax No:0651-2215618
Email ID:-csofficeranchi@yahoo.com

" आवश्यक सूचना "

जिला स्वास्थ्य समिति, रांची के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध आधारित नियुक्ति से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2025 के आलोक में प्राप्त आवेदनों में से योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की सूची रांची NIC Portal एवं सदर अस्पताल रांची के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया हैं साथ ही इस संबंध में सभी अयोग्य अभ्याथियों को e-mail के माध्यम से सूचित किया गया है।

अतः यदि किसी अभ्यार्थी को NIC Portal एवं सदर अस्पताल रांची के पोर्टल पर प्रकाशित सूची के सन्दर्भ में कोई आपत्ति है तो दिनांक–10.07.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक जिला स्वास्थ्य समिति, रांची के कार्यालय में हाथों–हाथ आवेदन (आवेदन में दर्ज आपत्ति से संबंधित सभी सभी दस्तावेज/कागजात स्व0 अभिप्रमाणित प्रति में उपलब्ध करायेंगे) के साथ आपत्ति दर्ज कराया जा सकता है एवं उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं मान्य नहीं होगा। आपत्ति निराकरण दिनांक–17.07.2025 तक करते हुए पुनः सदर अस्पताल एंव रांची NIC के पोर्टल पर सूची अपलोड कर दिया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,राँची।

PR 356626 (Ranchi) 25-26 (D)


## जिला स्तरीय अंडर-12 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# बालक वर्ग में भंडरिया और बालिका वर्ग में चिनिया की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। जिला स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप अंडर -12 बालक वर्ग में भंडरिया ने बरडीहा की टीम को 2-1 से, बालिका वर्ग में चिनिया ने भवनाथपुर को 1-0 से हराकर प्रथम लिटिल चैंप होने का गौरव हासिल किया। कांटे के मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया और मैच 0-0 की बराबरी पर रहा। मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से हुआ। भंडारिया की टीम ने पेनल्टी शूट आउट में बरडीहा की टीम को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। जबकि चिनियां की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में भवनाथपुर की टीम को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। बालक वर्ग में भंडरिया एवं बालिका वर्ग में चिनिया की टीम राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस मौक पर जिला शिक्षा पदाधिकारी केसर रजा ने कहा कि आज के मैच में भंडरिया और चिनिया के खिलाड़ियों ने विजेता होकर अपनी प्रतिभा का साबित किया। कि वह खेल के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने विजेता और उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, विजय पांडे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, एडमोन कच्छप, सुनीता कुजूर, विवाह रानी, रेनू बाला, चिंतामणि तिर्की, रवि कुमार सिंह, चितरंजन कुशवाहा, रवि वैद्य संकुल प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय सहित गढ़वा जिले के सभी बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम, शारीरिक शिक्षक गण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका के छात्रों ने परचम लहराया



भंडरिया (आजाद सिपाही)। 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भंडरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका के छात्रों ने परचम लहराया। टीम के सभी खिलाड़ियों को विद्यालय में समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित। सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 15 बालक वर्ग में भंडरिया प्रखंड स्तरीय विजेता नौका की टीम जिला में भी अपने वर्ग में विजेता रही। इस प्रतियोगिता में अब प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की टीम गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत संचालित प्रतियोगिता के अंडर 12 बालक वर्ग में भी भंडरिया प्रखंड से विजेता रही। उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की जुनियर टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता की भी विजेता रही। उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका की जुनियर फुटबॉल टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस दोहरे सफलता से गर्वान्वित विद्यालय के प्रभारी नितेश कुमार वर्मा, शिक्षक प्रभु दयाल मिंज, किरण बाला कुमारी, सीआरपी सत्यनारायण यादव, बीआरसी कर्मी निकेत कुमार एवं खेल शिक्षक रवि प्रताप सिंह ने विद्यालय में ही सम्मान समारोह आयोजित कर विजेता टीम को सम्मानित करते हुए इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।


कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।
Sadar Hospital Campus, Latehar. E-Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

पत्रांक............../ दिनांक....................../

सूचना।

सहिया चयन के संबंध में कहना है कि शहरी क्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ी/तंगबस्ती/टोलो/मोहल्ला/वंचित समूह में महिला आरोग्य समिति का गठन किया जाना है। महिला आरोग्य समिति (MAS) शहरी सहिया का चुनाव में सहयोग प्रदान करेगी।

उक्त आलोक में गठित चयन समिति के सदस्यों को आदेशित किया जाता है कि निम्न तिथि के अनुसार लातेहार शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 15 वार्डो में शहरी सहिया चयन प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | वार्ड सं0 | मुहल्ला का नाम | चयन का स्थान | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | करकटमुस्लिममुहल्ला | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 08.07.2025 |
| 02 | 01 | करकटकुसमाटाड़ | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 08.07.2025 |
| 03 | 02 | बानपुर एवंअम्बाटीकर, खेरवारटोला | सामुदायिक भवन | 09.07.2025 |
| 04 | 02 | बानपुरबाजार | अटलक्लिनिक | 09.07.2025 |
| 05 | 03 | भुईयांटोली | समुदायिक भवन, गांधीकॉलेज | 10.07.2025 |
| 06 | 03 | मिशनहाता | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 10.07.2025 |
| 07 | 04 | बाजारटाड़ | विवाहमंडल | 11.07.2025 |
| 08 | 04 | खानमुहल्ला | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 11.07.2025 |
| 09 | 05 | यादवमुहल्ला | देवीमंडप | 12.07.2025 |
| 10 | 05 | जमीरमुहल्ला | सामुदायिक भवन | 12.07.2025 |
| 11 | 06 | लोहारपट्टी | सामुदायिक भवन | 14.07.2025 |
| 12 | 06 | डोमटोली | अटलक्लिनिक | 14.07.2025 |
| 13 | 07 | बेहराटाड़ | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 15.07.2025 |
| 14 | 07 | चटनाही | सामुदायिक भवन | 15.07.2025 |
| 15 | 08 | तेलीमुहल्ला | सामुदायिक भवन | 16.07.2025 |
| 16 | 08 | धोबीमुहल्ला | आंगनबाड़ीकेन्द्र | 16.07.2025 |
| 17 | 09 | अम्बाकोठी | सामुदायिक भवन | 17.07.2025 |
| 18 | 09 | ठाकुरमुहल्ला | सामुदायिक भवन | 17.07.2025 |
| 19 | 10 | गिजनीयाटाड़ | सामुदायिक भवन | 18.07.2025 |
| 20 | 10 | अम्बाकोठीभुईयांटोली | सामुदायिक भवन | 18.07.2025 |
| 21 | 11 | चंदनडीह | सामुदायिक भवन | 19.07.2025 |
| 22 | 11 | तापाखास | सामुदायिक भवन | 19.07.2025 |
| 23 | 12 | अम्बेडकरचौक | सामुदायिक भवन | 21.07.2025 |
| 24 | 12 | सांईमुहल्ला | सामुदायिक भवन | 21.07.2025 |
| 25 | 13 | ललमटिया | सामुदायिक भवन | 22.07.2025 |
| 26 | 13 | पहाड़पुरी | सामुदायिक भवन | 22.07.2025 |
| 27 | 14 | चंदनडीह, भुईयांटोली | सामुदायिक भवन | 23.07.2025 |
| 28 | 14 | उरांवटोला | सामुदायिक भवन | 23.07.2025 |
| 29 | 15 | धर्मपुर | सामुदायिक भवन | 24.07.2025 |
| 30 | 15 | भुईयांटोली | सामुदायिक भवन | 24.07.2025 |

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 356616 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के विद्यार्थी संकुल टॉप 10 में सम्मानित



कुडू /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बड़की चांपी के तीन मेधावी छात्र-छात्राएं संकुल स्तरीय माध्यमिक परीक्षा टॉप 10 सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किये गये। बहन पूजा कुमारी ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, भैया लक्ष्य भारद्वाज ने 88.20 प्रतिशत के साथ सप्तम स्थान, और भैया धीरज प्रजापति ने 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ नवम स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह 5 जुलाई शनिवार को मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा में आयोजित हुआ। इसमें इन छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण क्षण में बहन पूजा कुमारी के पिता बाल्केश्वर महतो, भैया लक्ष्य भारद्वाज के पिता स्थानीय पत्रकार नंदलाल तिवारी और माता और बड़की चांपी पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, और भैया धीरज प्रजापति के पिता बिहारी प्रजापति भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने बच्चों को सम्मानित होते देख गर्व और आनंद की अनुभूति व्यक्त की। भैया लक्ष्य भारद्वाज ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनकी सफलता में विद्यालय के आचार्यों और माता-पिता का विशेष योगदान है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति, सभी आचार्य-दीदीजनों और सदस्यगणों ने भी तीनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई दी।

## आदिम जनजाति परिवारों के राशन वितरण में भारी अनियमितता, प्रखंड प्रमुख ने उठाया सवाल



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड में आदिम जनजाति पीवीटीजी परिवारों के लिए चलायी जा रही खाद्यान्न वितरण योजना में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने उपायुक्त लातेहार को पत्र लिखकर संज्ञान लेने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जून माह में किये गये क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि आदिम जनजाति परिवारों को दिये जाने वाला राशन या तो समय पर नहीं मिला या फिर सूचीबद्ध परिवारों को दरकिनार कर किसी और को दे दिया गया। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके वितरण स्थल 2 से 3 किमी दूर कर दिये गये हैं। जिनकी जानकारी उन्हें पहले से नहीं थी। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि कुछ परिवारों को जून माह में दो बार (दिनांक 7 और 22 जून) राशन प्राप्त हुआ जबकि कई परिवार अब भी वंचित हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह भी सामने आया कि कई पीवीटीजी परिवारों को पिछले 6 से 8 महीनों से राशन नहीं मिल पाया है। जबकि उनका नाम सूची में स्वीकृत था। सबसे गंभीर बात यह है कि हाल ही में राशन के अभाव में एक आदिम जनजाति महिला को अपने 4 साल के बच्चे के साथ कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ा, जो कि अत्यंत दुखद एवं चिंता का विषय है। प्रखंड प्रमुख ने प्रशासन से इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जा सकें।

## सोसायटी ऑफ माइंड इजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सोसायटी ऑफ माइंड एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थानीय ग्रीन वैली स्कूल परिसर में विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सैयद नसीम अहमद ने कहा कि आजादी की लड़ाई में जिन शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और वक्तव्य प्रस्तुत किये गये। साथ ही स्वच्छ भारत, हरित भारत थीम पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता भी करायी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू प्रमंडल के वरिष्ठ पर्यावरणविद शुभम त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व हरित भारत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों में विवेक केसरी, कुलदीप कुमार, मानदेव विश्वकर्मा, हरिन्द्र उरांव व जोगा गोरिया प्रमुख रूप से शामिल थे।

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की हुई बैठक




चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा 5 जुलाई 2025 दिन शनिवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की एक बैठक कार्यालय रामजतन भवन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता संजय गोप ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय मजदूर संगठनों और कर्मचारी सांघो के द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा ले जा रहे चार लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों के खिलाफ है 44 श्रम संहिता को समाप्त कर चार श्रम संहिता लाया जाना मजदूरों के अधिकारों में कटौती कर मालिकों के पक्ष पारित किया जा रहा है यह हड़ताल चार लेबर कोर्ट को रद्द करने के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण पर रोक लगाने और न्यूनतम वेतन 26000 लागू करने और मनरेगा में भ्रष्टाचार को समाप्त कर 200 दिन काम और 600 रुपया मजदूरी देने और कांटेक्ट बेसिस को समाप्त कर बेरोजगार नौजवानों को डायरेक्ट अस्थाई रूप से बहस करो किसानों के फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश के तहत देने और न्यूनतम पेंशन 10000 लागू करने झारखंड में हो रहे पलायन पर रोक लगाने तथा गैर मजरुआ जमीन का रसीद अभिलंब चालू करने और बिकनी कोलावेरी चालू करने जैसे स्थानीय मुद्दे कोभी। उठाने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में रथू भोक्ता, रॉबिन मुंडा, सुरेश बरूमति, राजेंद्र महली, रविंद्र भोक्ता, तेजू उरांव, हरिवंश गंझू, अनिल उरांव, मोहम्मद अलाउद्दीन, पप्पू मुरकेन्द्र लोहार आदि शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित

# विकास के नाम पर देश को भ्रमित कर रही है केंद्र सरकार : धीरज प्रसाद साहू

**मैं विकास करने में विश्वास रखता हूं : रामचंद्र सिंह**

**जनता के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है कांग्रेस पार्टी : डॉ अजय शाहदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम में पहुंचे लातेहार जिला के प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह जहां कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज प्रसाद साहू को पुष्प गुच्छ देकर और साल ओढाकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की महुआडांड़ मेरे घर जैसा है। आज के बैठक में मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपने परिवार जनों के साथ बैठा हूं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए एक मजबूत और अभेद किला के रूप में स्थापित है। जहां निरंतर कांग्रेस पार्टी का परचम लहराता रहा है। कांग्रेस पार्टी आजादी के पूर्व से ही सभी जाति धर्म को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसका मकसद है देश में अमन चैन कायम रखना लेकिन दूसरी ओर केंद्र में बैठी मोदी सरकार विकास के नाम पर जीरो है। उन्हें सिर्फ जाति धर्म के नाम पर देश में भाई भाई को लड़ा कर अपना वोट बैंक तैयार करना आता है। जो केंद्र की सरकार कांग्रेस पार्टी की 70 वर्षों के कार्यों को पूछती है। हम केन्द्र सरकार से पूछना चाहते हैं कि अभी देश में आपकी सरकार है। झारखंड में भी अधिकतम समय आपकी ही सरकार रही है उस समय आपने क्या किया। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं विकास करने में विश्वास रखता हूं। मुझे इस क्षेत्र की जनता ने विकास करने के लिए चुना है और मैं जनता के हर उम्मीद को पूरा करना चाहता हूं। श्री सिंह ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को बताया की क्षेत्र में उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जा रहे हैं और आने वाले समय में किन-किन कार्यों को प्रारंभ किया जाएगा। मौके पर लातेहार के सह प्रभारी डॉ अजय साहदेव ने कहा कि आज की संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम में हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम क्षेत्र के हर परिवार को अपना परिवार समझे उनके सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे। तभी जाकर हमारा संगठन और भी सशक्त और मजबूत बनेगा। मौके पर मुख्य रूप से लातेहार जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तिखार अहमद, रविंद्र राम, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, लोहरदगा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील, लातेहार युवा अध्यक्ष अमित कुमार बरुआ, अभय मिंस, दरोगी प्रसाद यादव, सकलदीप उरांव, इकरामुल अंसारी, निश्चय वर्मा, रियाज अंसारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# प्रभु दर्शन के लिए मौसीबाड़ी में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर में रथ यात्रा पर्व को लेकर धार्मिक उल्लास चरम पर है। ईस्ट गोला रोड स्थित कुटिया शिव मंदिर परिसर में स्थित मौसीबाड़ी में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूरदराज से भी श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। प्रत्येक दिन सुबह 5 बजे मौसीबाड़ी का पट श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। सुबह 6 बजे आरती और स्तुति होती है, जिसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ती है। दोपहर 12 बजे प्रभु को भोग अर्पित किया जाता है, और 12:11 बजे मौसीबाड़ी के कपाट कुछ समय के लिए बंद कर दिए जाते हैं। दोपहर 3 बजे पुनः कपाट खोले जाते हैं, और रात 8:30 बजे अंतिम आरती के बाद कपाट बंद हो जाते हैं। इन दिनों पूरा शहर ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से गूंज रहा है। श्रद्धालु प्रभु की कृपा व आशीर्वाद की कामना के साथ दर्शन कर अपने को धन्य मान रहे हैं। मौसीबाड़ी में विराजमान विग्रहों के दर्शन कर भक्त अपने जीवन में सुख, शांति और इच्छित फल की कामना कर रहे हैं।



### नौ दिवसीय भक्ति पर्व का समापन आज

मुख्य पुजारी देवनारायण पांडेय ने बताया कि नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती होती रही। हर दोपहर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात में महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। अब रविवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ में विराजमान होकर मौसीबाड़ी से अपने निज धाम ठाकुरबाड़ी प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर विशेष शोभायात्रा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर भंडरा प्रखंड स्थित अखिलेश्वर धाम की मौसीबाड़ी में भी नौ दिवसीय रथ यात्रा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर दिन भगवान के विभिन्न रूपों के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग रही हैं।

## चंद माह पहले बनी पुलिया में दरारें



कुडू /लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में ग्रामीणों की सुविधा के लिए कुछ माह पूर्व बनी पुलिया में दरारें उभर आयी हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। लाखों रुपये की लागत से बनी इस पुलिया की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टाटी नर्सरी से कोलसिमरी गांव तक बनी सड़क से जरूर आवागमन में सुविधा हुई है, लेकिन गांव के प्रवेश द्वार पर गोवर्धन मंदिर के समीप बनी पुलिया की स्थिति बेहद चिंताजनक है। पुलिया के ऊपर दरारें इतनी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं कि भविष्य में यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय निवासी अश्विनी यादव ने बताया कि निर्माण के समय लोगों को उम्मीद थी कि यह सड़क और पुलिया वर्षों तक टिकाऊ होगी, लेकिन कुछ ही महीनों में दरारें दिखने से लोगों में निराशा और अविश्वास का माहौल है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिया की तकनीकी जांच कराकर इसकी मरम्मत कार्रवाई जाये, ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो।

# समाज कल्याण विभाग की बैठक में उपायुक्त ने दिया निर्देश, नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र खुले


**कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एमटीसी केंद्र तक लायें : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और उनके कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका और सहायिका के पदों की समीक्षा की गयी और उन रिक्त पदों को नियमानुसार जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीएमजनमन योजना अंतर्गत बन रहे आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के जर्जर भवनों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल व शौचालय की सुविधा की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्रों में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के लिए उनकी सतत निगरानी प्रसव के दो-तीन सप्ताह पूर्व से ही करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें और शत प्रतिशत नामांकित बच्चे यहां आएं इसकी मॉनिटरिंग भी किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रहीं।

# घूरती रथयात्रा और मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल का अभ्यास, प्रशासन सतर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में शनिवार को घूरती रथयात्रा और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने किया। यह मॉक ड्रिल उपायुक्त डॉ. ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देशानुसार आयोजित की गयी, जिसमें शरारती तत्वों से निपटने और विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि घूरती रथयात्रा और मुहर्रम का त्योहार जिले में शांति व सद्भाव के साथ संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई असामाजिक तत्व त्योहार के दौरान शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मॉक ड्रिल के दौरान सार्जेंट शेरू रंजन, मेजर विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### सोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर: एसडीपीओ

एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है और सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। यदि कोई गलत सूचना या भ्रामक संदेश वायरल करता है, तो उसे चिन्हित कर नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि सभी क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आमजन और जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा गया है, ताकि जिले भर में शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार संपन्न हो सके।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व राज्यसभा सदस्य



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। पूर्व राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की है। जानकारी के अनुसार गुमला जिला के गुरदरी थाना क्षेत्र के बरपाट गांव निवासी स्वर्गीय राजेश असुर के पुत्र मिलरेड असुर की गुरदरी माइंस में माइनिंग के उपरांत छोड़े गये गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी घर वालों को 30 जून को हुई। मामले की सूचना मिलने के बाद पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया। साथ ही कंपनी के प्रतिनिधियों से बात करते हुए निर्देश दिया कि यह घटना काफी दुखद है। माइनिंग क्षेत्र में कंपनी द्वारा माइनिंग करने के उपरांत गड्ढे को भरा नहीं गया था। जिसकी वजह से वहां पानी जमा हो गया था। ऐसे में उसे युवक की दर्दनाक मौत हो गई और इसके लिए कंपनी जिम्मेदार है। कंपनी को तत्काल मदद के रूप में परिवार की मदद करनी चाहिए। इसके तहत मृतक के आश्रित को एक नौकरी, नगद रुपये, मृतक के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था और एक आवास देने का निर्देश दिया। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह काफी दुखद घटना है। छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर डॉ अजय शाहदेव, हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एकरामूल अंसारी, युवा नेता निश्चय वर्मा, रियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## ललित नारायण स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर डीसी से की मुलाकात




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहर के बीचों-बीच स्थित ललित नारायण स्टेडियम की बदहाली और शहरी विकास से जुड़ी समस्याओं को लेकर भाजपा नेता पशुपति नाथ पारस और मिथुन तमेड़ा ने लोहरदगा उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह स्टेडियम कभी स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन वर्तमान में यह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस ऐतिहासिक स्टेडियम में पहले जिला प्रशासन और खेल संघों द्वारा क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे। वहीं, पुलिस विभाग भी 'हथियार डालो, वॉलीबॉल खेलो' जैसे अभियानों के तहत युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करता रहा है। मिथुन तमेड़ा ने जानकारी दी कि इस स्टेडियम का नाम भारत के पूर्व रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र के नाम पर है, जिनका 3 जनवरी 1975 को समस्तीपुर बम विस्फोट में निधन हो गया था। स्थानीय लोगों द्वारा दान दी गई भूमि पर यह स्टेडियम बना था, लेकिन अब इसकी स्थिति दयनीय हो गई है। ऐसे में इसका जीर्णोद्धार करके युवाओं को खेल के योग्य मैदान उपलब्ध कराना ही स्व. मिश्र को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।पशुपति नाथ पारस ने न्यू रोड में अधूरे सड़क और नाली निर्माण कार्य, साथ ही फुटपाथ की अनुपलब्धता की समस्या भी डीसी के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित मार्ग न होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि ललित नारायण स्टेडियम का जीर्णोद्धार जल्द शुरू किया जायेगा और इसका उपयोग सिर्फ खेल गतिविधियों के लिए सुनिश्चित किया जायेगा। वहीं अन्य निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के बाद पूरा किया जायेगा।

## सीएचसी कुडू में मनाया गया डॉक्टर्स डे चिकित्सकों का हुआ सम्मान



कुडू (आजाद सिपाही)। लोहरदगा: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुडू में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी उपस्थित थे, जबकि अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ. सुलामी होरो ने की। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारियों और स्टाफ द्वारा सभी चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण और उपहार भेंट कर पारंपरिक रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन संध्या प्रतिमा लकड़ा, सरोजनी केरकेट्टा और निरोज नाथ साहदेव ने किया, जबकि मंच की सजावट तौसीफ अंसारी व उनकी टीम द्वारा की गयी थी। समारोह में चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व जनोन्मुखी बनाने को लेकर सामूहिक चर्चा की। साथ ही, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव बनाये रखने की अपील की गयी। उपस्थित जनों ने डॉक्टरों के प्रति आभार जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर डॉक्टर्स डे को यादगार बनाया गया। इस अवसर पर डॉ. मरसा टोपनो, डॉ. अंजुलन आइंद, डॉ. मंजू गुप्ता, डॉ. निरुपमा टोप्पो, डॉ. अजित मंडल, डॉ. प्रणीति, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. राजेश भगत, डॉ. दीपनेश्वर चौधरी, प्रेरणा श्रोत, ज्योति सिन्हा, जीसी पांडे, आफताब आलम, शाहिद इकबाल सहित क्लर्क, सभी नर्सिंग स्टाफ, एमपीडब्ल्यू, आउटसोर्सिंग व एनएचएम कर्मी, सफाईकर्मी, 108 एम्बुलेंस स्टाफ, ट्रॉमा टीम तथा कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता स्व: जयवर्धन सिंह की पांचवी पुण्यतिथि मनायी



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को। भाजपा कार्यालय में प्रखंड के भाजपा नेता स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम में मंडल कार्यालय में दिवंगत भाजपा नेता जयवर्धन सिंह की तस्वीर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत नेता को नमन किया। मौके पर सदस्यों ने उन्हें याद करते हुई प्रखंड भाजपा में दिये गये उनके योगदान की चर्चा करते हुई और उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। कार्यक्रम में कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य दीपक तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सखीचंद प्रसाद, मनोज सिंह चेरो, सुनील कुमार सिंह, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, पवन कुमार, समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## आंख जांच कर मुफ्त दवा और चश्मा दिया गया

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ शशिकांत कुमार द्वारा अरु क्लस्टर के अंतर्गत मध्य विद्यालय अरु में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आंख जांच किया गया। वहीं डॉक्टर ने बताया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष, आंख से पानी आना, धुंधलापन दिखाई देना, आंख में जलन होना सहित अन्य तरह का बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात लोगों को नि:शुल्क दवा गया और 40 वर्ष उम्र तक के महिला पुरुष को चश्मा भी दिया गया।

## भाजपा नेता को मातृशोक, लोगों ने जताया दुख



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री सह गुरहा मुखिया राधा कृष्ण किशोर की माता सोना देवी (75) का निधन शनिवार को हो गया। वो पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उनका दाह संस्कार कोयल नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र मुखिया राधा कृष्ण साव ने दी। अंतिम संस्कार में वरिष्ठ भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विकास चौबे मिंटू, मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, अनुज चौधरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर, उनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास आदि ने शोक प्रकट किया है।

# बिना पूर्व सूचना के स्कूल के गेट पर ताला लगाकर नदारद हुए हेडमास्टर

## बभंडी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की घटना, शिकायत पर उप प्रमुख पहुंचे स्कूल

**अभिवावकों ने प्रधानाध्यापक को हटाने की बुलंद की आवाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर/पलामू।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के बभंडी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था चौपट होने से अभिवावकों में रोष है। उनकी शिकायत पर उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान स्कूल परिसर पहुंचे तो स्कूल के मुख्य गेट में ही ताला लटका पाया। इसकी तत्काल सूचना बीइओ महेंद्र प्रजापति को दी गयी, तो उन्होंने खुद को जिला में मीटिंग में शामिल होने का हवाला देकर किसी कर्मी को इसकी जांच के लिए भेज दिया। इससे असंतुष्ट उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार से वार्ता कर इस मामले को संज्ञान में दिया है। जिस पर कार्रवाई करने का भरोसा भी दिया गया। उन्होंने तत्काल प्रभाव से हेडमास्टर आजाद हैदर सिद्दीकी को इस विद्यालय से हटाने का सुझाव दिया है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी पर मनमाने ढंग से विद्यालय को बिना सूचना के बंद रखकर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। वहीं, हेडमास्चर की लापरवाही पर पूछे जाने पर शिक्षक सिकेश कुमार सिंह, जयकुमार, नीरज कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मनोज कुमार ने चुप्पी साध ली है। जांच में शिक्षकों के साथ भी अभद्र व्यवहार करने का आरोप प्रधानाध्यापक पर लगा है। यह भी बताया गया कि सभी शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं होने से उन्हें भी मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी लापरवाही कोई पहली बार नहीं है, बल्कि कई बार उजागर होने के बाद भी उच्चाधिकारी की ओर से कोई कार्रवाई की गयी है। यही कारण है कि प्रधानाध्यापक का मनोबल बढ़ा हुआ है। ग्रामीणों सहित अभिवावकों ने कहा कि अब उनका सब्र टूट चुका है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अविलंब प्रधानाध्यापक को विद्यालय से हटाने और समुचित कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि विद्यालय में नियमित पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कहा कि बच्चों की शिक्षा में आ रही रुकावट को देखते हुए कहा कि उनकी बातों पर तत्काल पहल नहीं किया गया तो स्कूल के मुख्य द्वार पर ही बाध्य होकर आंदोलन शुरू करेंगे। वहीं, एसएमसी अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने बताया कि कई बार पूर्व से प्रधानाध्यापक के विरुद्ध शिकायत मिलती रही है। वित्तीय वर्ष में बच्चों को कॉपी सहित अन्य कीट वितरण करने के बाद उन्हें ही डांटकर बोल दिया जाता है कि स्कूल का मालिक तुम हो या हम है।



स्कूल गेट के बाहर खड़े विद्यार्थी एवं अभिभावक।

## फेक वीडियो से सावधान: पलामू पुलिस

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक भ्रामक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। इस वीडियो में दावा किया जा रहा है कि किसी जुलूस या आयोजन में फिलिस्तीन देश का झंडा लहराया गया है। लेकिन जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि वीडियो में दिखाया गया झंडा स्थानीय लोगों द्वारा स्वयं निर्मित है और उसका किसी भी देश से कोई संबंध नहीं है। पलामू पुलिस ने इस वीडियो को तथ्यहीन और भ्रम फैलाने वाला बताया है। कहा कि इसे दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से प्रसारित किया जा रहा है। पुलिस ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है जो इस प्रकार के फर्जी एवं भ्रामक वीडियो बनाकर या शेयर करके अफवाह फैलाते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस वीडियो को किसी भी माध्यम से शेयर, फॉरवर्ड या लाइक न करें। किसी भी सूचना को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। भ्रामक पोस्ट करने या वायरल करने वालों के खिलाफ आईटी एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांति और सौहार्द्र बनाए रखने, अफवाहों से बचने और प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है। कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए, आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबरों की सत्यता की जांच करें और अफवाहों से बचें।

# अपने धर्म-कर्म के प्रति लोगों को जागरूक रहना चाहिए : विधायक

**विधायक ने शाहपुर में किया मुहर्रम पर्व पर कुरैशी क्लब का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** अपने धर्म एवं कर्मों के प्रति लोगों को जागरूक रहते हुए धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। उक्त बातें विधायक आलोक चौरसिया ने कही। वे शुक्रवार की शाम शाहपुर में मुहर्रम पर्व को लेकर कुरैशी क्लब कार्यालय के उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। कहा कि हमारे पूर्वजों का दिया हुआ हर पर्व आज हम लोग अपने-अपने तरीके से सौहार्दपूर्ण तरीके से मानते आ रहे हैं। पर्व से ही हम लोगों को बहुत कुछ अपने धर्म के बारे में जानकारी और सीखने का मौका मिलता है। आज लोग अपने-अपने धर्म के प्रति जागरूक हैं। पहले हम लोगों के पूर्वज किसी भी पर्व में लाइट की व्यवस्था के लिए सिर पर पेट्रोमैक्स लेकर चलते थे, लेकिन आज दुनिया बदल चुकी है। कहा कि जिस कार्य में आप लोग लगे हैं उसे मजबूती के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की जरूरत है। कोई भी पार्टी जाति-धर्म से नहीं चलाती। सभी जाति धर्म के लोगों की सहभागिता होती है। कुछ लोग अफवाह उड़ाकर लोगों को दिग भ्रमित करते हैं, लेकिन उन लोगों की बातों में पड़ने की जरूरत नहीं है। हम सबके साथ चलने वाले विधायक है। आप जब जहां मुझे बुलाएंगे मैं वहां आऊंगा और आपकी समस्या का निदान करूंगा। हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि एक जुट होकर हमारे साथ चलें। हम आपके साथ हैं। कार्यक्रम का संचालन सदर सकलैन कुरैशी ने किया। इस मौके पर नायब सदर कासीफ कुरैशी, सेक्रेटरी वकार कुरैशी, इरफान कुरैशी, हसन कुरैशी, अफरोज कुरैशी, शमीम कुरैशी, दानिश कुरैशी, दिल नवाज कुरैशी, मुन्ना कुरैशी, कारा कुरैशी, छोटू कुरैशी, शहीद राजा, वारिस कुरैशी, अर्सलान रिजवी, अकबर कुरैशी, सलीम कुरैशी, संटू चौरसिया, मुखिया आशेष चौरसिया, भीष्म चौरसिया, राजेंद्र पासवान, मनोज कुमार और वार्ड पार्षद अनीशा खातून आदि मौजूद थे।

## छतरपुर हाई स्कूल में चोरी, प्रोजेक्टर, यूपीएस-सीसीटीवी कैमरा ले भागे चोर

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उच्च विद्यालय शुक्रवार की रात चोरों ने स्कूल भवन में सेंध लगाकर प्रोजेक्टर, यूपीएस, बैटरी और सीसीटीवी कैमरा सहित कई जरूरी शिक्षण सामग्रियों पर हाथ साफ कर दिया। प्रधानाचार्य जय प्रकाश गुप्ता ने छतरपुर थाना में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाचार्य के अनुसार, विद्यालय में बच्चों की स्मार्ट क्लास और सुरक्षा निगरानी के लिए लगाए गए उपकरण चोरी होने से पढ़ाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। गौरतलब है कि छतरपुर प्रखंड में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे बच्चों की पढ़ाई में भी सेंध लगा रहे हैं। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छतरपुर पुलिस की गश्ती व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है और चोर अब तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। उधर, स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रशासन से मांग की है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। साथ ही गांव और बाजारों के साथ ही स्कूलों की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्ती बढ़ाई जाए।

## पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेंड़ लगाना जरूरी है : डॉ दिलीप राम



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** डंडार कला मजदूर किसान महाविद्यालय में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। इसमें महाविद्यालय के शिक्षक सहित कर्मी आदि शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप कुमार राम ने कहा कि पर्यावरण सुधार के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी है। यह पहल मताओं के सम्मान का प्रतीक है। कोई भी व्यक्ति अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाकर उन्हें स्थाई स्मृति दे सकता है। इससे पर्यावरण सरंक्षण में भी योगदान होगा और पेड़ो के कमी से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। पर्यावरण सरंक्षण के लिए अपनी मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाएं। कहा कि आज पूरा विश्व असंतुलित पर्यावरण के कारण चिंतित है। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए पेंड़ लगाना जरूरी है।

## स्वर्गीय रामविलास पासवान की दी गयी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज प्रखंड के वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति निलांमबर पितांबरपुर कमेटी के तत्वावधान में स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाबा चौहरमल पार्क में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसकी जानकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने हरिहरगंज में दी। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान एक महान नेता थे। जिन्होंने दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और सामान्य वर्ग के हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के सदस्य संजय पासवान, ललन पासवान, मिथलेश पासवान, अशोक पासवान, चतुर्गुन पासवान, संजीव कुमार पासवान और अजय पासवान शामिल थे। सभी ने रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन जारी

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर एवं नौडीहा बाजार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 11वीं आईएससी में नामांकन जारी है। इसकी जानकारी विद्यालय की वार्डन चंदू कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि जो छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में 70% फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त की है उनका नामांकन लिया जाएगा।

# मनातू पुलिस का इलाके में फ्लैग मार्च

## लोगों से शांतिपूर्वक मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील

**मुहर्रम में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर मनातू प्रशासन अलर्ट, चल रही निगरानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलामू।** मुहर्रम पर्व को लेकर मनातू प्रखंड में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को मनातू पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। जिसकी अगुवाई थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने की। इसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल, चौकीदार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च की शुरूआत मनातू थाना परिसर से हुई, जो नाका चौक, बंशी खुर्द, पदमा होते हुए चक पंचायत तक गया और पुनः थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। पूरे मार्च के दौरान थाना प्रभारी निर्मल उरांव खुद पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और पूरे मार्ग पर निगरानी बनाए रखी। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना था। थाना प्रभारी ने मार्ग में पड़ने वाले सभी पंचायतों में स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनसे अपील की कि वे मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी थाना को दें। फ्लैग मार्च के दौरान थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से आमजन में सुरक्षा का माहौल बना और लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक बाबूलाल यादव, सरवन दास, सत्येंद्र सिंह, मथुरा महतो, संतोष सिंह, भुनेश्वर तूरी, नीतीश कुमार, जनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एम्स के समीप चिन्हित भूखंड में केंद्रीय विद्यालय के नये भवन का होगा निर्माण

**डीसी ने केंद्रीय विद्यालय के लिए चिन्हित अस्थायी भवन के जीर्णोद्धार का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। इस दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्थायी तौर पर एम्स से कुछ दूरी पर रामूडीह गांव में स्थित छात्रावास में केंद्रीय विद्यालय चालू करने से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने एम्स परिसर समीप चिन्हित भूखंड में केंद्रीय विद्यालय के स्थाई भवन के निर्माण को लेकर किए जाने वाले कार्यों से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही अस्थाई चिन्हित भवन के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्यों को लेकर डीसी ने संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता, एम्स के डिप्टी डायरेक्टर एडमिन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रभारी प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय मधुपुर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बाबा मंदिर प्रांगण के सभी दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि शनिवार को बाबा मंदिर प्रांगण में स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के बाद दानपात्र से कुल 17 लाख 89 हजार 309 रुपए एवं नेपाली नगद 1510 रुपये दान स्वरूप प्राप्त हुए। इससे अलावे मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। जिससे निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया।

## देवघर जिला कांग्रेस सेवा दल की संगठनात्मक समीक्षा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष बासुकी पंडित ने की। जिसमें संगठन विस्तार, युवा जुड़ाव और क्षेत्रीय गतिविधियों को गति देने पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान सेवा दल के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नवीन सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत सेवा दल के सांगठनिक ढांचे की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा कि देशभर में कांग्रेस को पुनर्गठित एवं सशक्त करने की दिशा में प्रयासरत है। कहा कि सेवा दल की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके विस्तार के लिए जिला से प्रखंड और पंचायत स्तर तक कार्यकर्ता नियुक्त किए जाने हैं। यह कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। वहीं, जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि देवघर में सेवा दल की नींव पहले से ही मजबूत है, लेकिन इसे और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में रणनीति के तहत कार्य करने की जरूरत है। बैठक में प्रदेश सचिव अवधेश प्रजापति, जिला महासचिव सह प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# सुनील खवाड़े देवघर ट्रॉफी सीजन-1 का भव्य आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** केकेएन स्टेडियम में सुनील खवाड़े देवघर ट्रॉफी सीजन-1 का शानदार शुभारंभ हुआ। पहली बार आईपीएल की तर्ज पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन देवघर में किया गया, जिसमें कुल छह टीमें पीवीआर पैंथर, कैलाश फाइटर, स्टाइलिश-11, मुकेश फ्लावर, मां मनसा, ऑरेंज लॉयन और लिटिल पैराडाइज-11 हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार और डॉ सुनील खवाड़े ने संयुक्त रूप से किया। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर जिला हैंडबॉल संघ के चेयरमैन संजय मालवीय, ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, डीएसए सचिव आशीष झा, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा और बजरंगी महथा उपस्थित रहे। 29 जून को उत्सव प्लेस में आयोजित ऑक्शन में विक्की सिंह को पीवीआर पैंथर ने 11 हजार रुपये में खरीदा, जो सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। अन्य प्रमुख आइकॉन खिलाड़ी अंकित पांडेय, मनीष यादव, रंजीत यादव, संजीव झा, शालू मिश्रा और उज्वल राय शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के प्लेटफॉर्म की अनुभूति देना है। जैसा कि आइएसपीएल और टीबीसीपीएल जैसे आयोजन करते हैं। उन्होंने घोषणा की कि अगला सीजन फरवरी में और भी बड़े स्तर पर किया जाएगा। वहीं, मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि देवघर अब खेल आयोजनों का हब बन रहा है। टूर्नामेंट का पहला दिन रोमांचक रहा, जिसमें तीन मुकाबले खेले गए और लिटिल पैराडाइज, ऑरेंज लॉयन और स्टाइलिश इलेवन ने जीत दर्ज की। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में अंकित स्पोर्ट्स के नीरज झा, पंकज वाजपेई और राजा की भूमिका सराहनीय रही। टूर्नामेंट 16 जुलाई तक चलेगा।

# हुसैनाबाद में आठवीं मुहर्रम को निकाला गया जुलूस-ए-अजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हजरत अबुल-फजलिल अब्बास अलमदार का मातम मनाते हुए शनिवार को आठवीं मुहर्रम को जुलूस-ए-अजा निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम मरहूम सैयद जाकिर हुसैन के झाझा गोदाम के घर से शुरू हुआ। जहां से जुलूस निकाल कर गांधी चौक होते हुए सदर इमामबाड़ा जाकर समापन हुआ। इमामबारगाह पहुंचकर लोगों ने जलते हुए अंगारों पर या हुसैन या अब्बास की सदा लगाते हुए नंगे पैर चलकर आग मातम किया। इसमें सभी आलम को हाथों में लेकर चल रहे थे, जिसमें कुछ बच्चे भी शामिल थे। इमामबाड़े पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गयी। जहां मौलाना सैयद इब्ने अब्बास ने मौला अब्बास के फजायल और मसायब बयान फरमाए। बतातें चलें कि हजरत अब्बास हजरत अली (अस) के बेटे और बहुत ही बहादुर इंसान थे, सिफ़्फ़ीन की जंग में जब उन्होंने चेहरे पर नकाब डालकर मैदान में आए तो लोगों ने समझा की हजरत अली जंग कर रहे हैं। पर अफसोस कि ऐसे बहादुर को कर्बला में हथियार लेकर जंग पर जाने की इजाजत मौला इमाम हुसैन (अ स) ने नहीं दिया। उनकी शहादत से इमाम हुसैन की कमर टूट गई और उनके, छोटे बच्चों को पानी मिलने की उम्मीद खत्म हो गई। कार्यक्रम का नेतृत्व मुतवल्ली सैयद तक्की हुसैन रिजवी, सैयद मुजफ्फर हुसैन, सैयद बिनते हुसैन, सैयद इकबाल हुसैन (काशिफ), सिकंदर मिर्जा, रेहान रिजवी, वसीम हुसैन, सैय्यद इब्ने हुसैन, गौहर मिर्जा, आमीन मिर्जा कर रहे थे। जबकि नौहेखानी सैयद इमरान हुसैन, सैयद राजू हुसैन, रिजवान हुसैन , असद हुसैन, सैयद मुस्तफा हुसैन, समीर मिर्जा, सैयद अली हसन, इस्लाम मिर्जा ,जैद मिर्जा, सैयद हैदर अली आदि ने किया।

## सदर अस्पताल गुमला के रूम नंबर 122 में खुला प्रज्ञा केंद्र, मरीजों को मिलेगी सुविधा



गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला के रूम संख्या 122 में नया खुला प्रज्ञा केंद्र का सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर सुनील राम ने दिन शनिवार को फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुमला जिला में मात्र एक बड़ा अस्पताल यही है, जिसके कारण जिला के सभी प्रखंडों से मरीज इलाज करने पहुंचते हैं। इस दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं अस्पताल परिसर में ही प्रज्ञा केंद्र के खुल जाने से अब उन्हें सभी प्रकार की सुविधा मिलेगी। प्रज्ञा केंद्र के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रंजन नंदा ने कहा की सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। प्रज्ञा केंद्र के संचालक दीपक कुमार साहु ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा जहां प्रज्ञा केंद्र में मिलने वाले सुविधा से सभी को लाभान्वित किया जायेगा। इस मौके पर मधुसूदन साहु, बलराम साहु, हरि ओम साहु, भीमसेन गोप, आर्यन कुमार, यश राज सिंह उपस्थित थे।

## भारी बारिश से मकान ध्वस्त, तीन लोग घायल



गुमला (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरिता गांव में शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अचानक राजू राम का घर भारी बारिश के बीच ध्वस्त हो गया। घर के गिरने से अंदर सो रहे 35 वर्षीय पत्नी कुंती देवी 13 वर्षीय पुत्र अनीश बाड़ा और 11 वर्षीय कार्तिक राम घायल हो गये। घटना में अनीश बाड़ा का एक पैर टूट गया है, जबकि कार्तिक और कुंती के सिर में चोट लगी है। शनिवार दिन के 2 बजे तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। राजू राम ने प्रखंड प्रशासन से क्षतिपूर्ति व मुआवजे की मांग की है।

## विक्षिप्त महिला बच्ची के साथ भटकते पहुंची वृंदा गांव, ग्रामीणों ने दिया आश्रय



गुमला (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के वृंदा गांव में शुक्रवार की शाम भटकते हुए एक महिला पहुंची। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास है वही उसके साथ उसकी 5 वर्षीय बेटी भी है। महिला विक्षिप्त है। वह ठीक से अपने बारे में बता नहीं पा रही है, लेकिन उसकी 5 वर्षीय बेटी ने बताया कि वे लोग पालकोट प्रखंड के ढोलवीर गांव के रहने वाले हैं और उसके पिता का नाम प्रदीप है। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने बृंदा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी को दिया।

## प्रतिभा सम्मान सह फ्रेशर डे का आयोजन



बसिया (आजाद सिपाही)। संतजोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर नवाटोली में शनिवार को प्रतिभा सम्मान सह फ्रेशर डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पल्ली पुरोहित अमृत एक्का ने कहा कि जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए लक्ष्य का चयन करें, तभी आप सफल हो पायेंगे। जीवन की सफलता की पहली कड़ी आपने पार कर ली है। उन्होंने प्राचार्य ब्रदर सुशील टोप्पो और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके मेहनत के कारण आज आपका नाम जिला टॉपरों में दर्ज हुआ है। मोनफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ब्र0 विनॉय ने कहा कि समय का सदुपयोग करे। प्राचार्य ब्र0 सुशील ने कहा कि सभी शिक्षकों के मेहनत के कारण ही आज हम जिला के टॉप टेन में शामिल हो पाए है। मौके पर फादर अनसेलेम पीयूष एकेडमी के संजय कुमार आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर इंटर में कला वाणिज्य और विज्ञान संकाय में टॉप टेन छात्र छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मनित किया गया।

### डीसी ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण, कहा

## पीएम मत्स्य संपदा योजना बनीं मछली पालकों के लिए वरदान

आजाद सिपाही संवाददाता



उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित निरीक्षण के क्रम में महिलाओं से जानकारी लेंती हुईं।

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शनिवार को बसिया प्रखंड अंतर्गत नारेकेला पंचायत के कुम्हारी गांव में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत किये जा रहे मछली पालन का गहन निरीक्षण किया। इस गांव के कुछ मत्स्य पालकों द्वारा बृहद स्तर पर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है और यहां के लोग मत्स्य पालन कर समृद्ध हो रहें हैं।

इस क्रम में उपायुक्त द्वारा सभी तालाबों का गहन निरीक्षण किया गया। ज्योति लकड़ा द्वारा मछलियों को दिये जाने वाले चारा मिल का संचालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश साहू, लाखन सिंह एवं अन्य किसान मत्स्य पालन से जुड़कर अच्छा मुनाफा कमा रहें हैं। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त रेफरल अस्पताल, बसिया पहुंची। वहां उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल में महिला डॉक्टर की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में महिला डॉक्टर समेत पीडियाट्रिक डॉक्टर की भी उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने न्यू बॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, डायलिसिस यूनिट, लेबर रूम, ओपीडी समेत सभी यूनिटों का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, लोंगा का निरीक्षण किया और आंगनबाड़ी सहायिका से बच्चों को दिए जाने वाले आहार के संबंध में जानकारी ली। उपायुक्त ने बसिया स्थित पुस्तकालय एवं इनडोर स्टेडियम का भी जायजा लिया। पुस्तकालय में विद्यार्थियों की कमी को देखते हुए उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्था सही कर बच्चों को पुस्तकालय में पढ़ने के लिए प्रेरित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बंद पड़े इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर उसे चालू कर यहां बैडमिंटन टूर्नामेंट कराने की बात कही।

## आठ चिकित्सकों का बोझ एक चिकित्सक के कंधों पर

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने रेफरल अस्पताल बसिया के लिए स्वास्थ्य मंत्री से चिकित्सकों की रखी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया स्थित रेफरल अस्पताल इन दिनों चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। जिस कारण मरीजों का समुचित इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। जन समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरॉव ने डॉक्टरों की कमी निजात की दिशा में पहल की है। उन्होंने स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को पत्र देकर रेफरल अस्पताल बसिया में पर्याप्त डॉक्टरों की मांग की है। चैतु उरांव ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि रेफरल अस्पताल बसिया में चिकित्सकों का 08 पद सृजित है, किंतु वर्तमान में मात्र एक चिकित्सक पदस्थापित है। इस क्षेत्र के लिए लाइफलाईन है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन सैकड़ों गर्भवती महिलायें अस्पताल में प्रसव हेतु लाई जाती है, किंतु एक भी महिला चिकित्सक नहीं है। महज नर्सों के भरोसे ईलाज चल रहा है।

## बीज वितरण में मनमानी करने को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी केंद्र के द्वारा बीज वितरण में मनमानी का आरोप लगाते हुए आक्रोशित किसानों ने रांची नेतरहाट मुख्य मार्ग लगभग एक घंटा जाम कर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से बीटीएम सुनील कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीटीएम के द्वारा बीज वितरण में मनमानी किया जा रहा है साथी उनका व्यवहार भी हम किसानों के प्रति कुशल नहीं है। महिला किसानों ने कहा कि हम लोगों को जेएसएलपीएस एवं कृषि मित्र के द्वारा खबर कर उरद का बीज लेने के लिए बुलाया गया है। हम लोग जब अपना आधार कार्ड एवं जमीन का रसीद लेकर बीटीएम से उरद की बीज की मांग की, तो उन्होंने उरद के बीच खत्म होने की बात कहते हुए हम कुछ किसानों को जबरन मकई का बीज ले जाने के लिए प्रेरित करने लगे, वहीं बाकी किसानों का आधार कार्ड एवं जमीन का रसीद टेबल से फेंकते हुए कहा कि अब बिज नहीं मिलेगी। जिस पर महिला किसान आक्रोशित हो गये और स्टॉक दिखाने की बीटीएम से बात कही, तो उन्होंने केंद्र में ताला मार कर बाहर आये और किसानों पर चिल्लाने लगे। जिसकी शिकायत किसानों ने स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक एवं कल्याण पदाधिकारी गणेशराम महतो से जिसके उपरांत जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी के द्वारा बीटीएम से किसानों को बीज नहीं दिए जाने का कारण पूछा, तो उन्होंने कहा कि बीज वितरण सुन सुन कर किसान यहां काफी संख्या में पहुंचे हैं तो उन्हें बीच कैसे वितरण किया जायेगा, यह कहते वे वहां से चल दिये।

## मझगांव में ट्रैक्टर से दब कर पुजारी की मौत



गुमला (आजाद सिपाही)। डुमरी थाना क्षेत्र के मझगांव गांव में ट्रैक्टर का पिछला चक्का चढ़ने से मझगांव निवासी टांगीनाथ धाम मंदिर के मुख्य पुजारी 24 वर्षीय गणेश बैगा पिता स्वर्गीय शंकर बैगा की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर के बीच में खड़े होकर अपने गांव लौट रहे थे, ट्रैक्टर में खाद लोड था तेज रफ्तार के कारण उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर गये। ट्रैक्टर का पिछला चक्का उनके कमर पर चढ़ गया। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी ले जाया गया जहां से उन्हें गुमला रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। मृतक का 4 साल का एक बेटा है जबकि उसकी पत्नी गर्भवती है।

## नौकरी , पेंशन और कटौती पैसा की लालच में युवक की हत्या



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बनारी गूंगा टोली गांव में विवेक उरांव का संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद होने के बाद पैसे के लालच में रिश्ता को तार तार कर देने वाला खुलासा हुआ है। विवेक की हत्या उसकी सौतेली मां बसंती देवी, सौतेले पिता अशोक खेरवार और सगे भाई ऋतिक उरांव एवं उसके दोस्त रॉकी बाखला ने गला दबाकर कर दिया। इस संबंध में मृतक का मामा विजय कश्यप ने बताया कि विवेक की सौतेली मां बसंती देवी ने विवेक के पिता विनोद उरांव की मौत के बाद अनुकंपा में नौकरी करना चाह रही थी, साथ ही कटौती वाला पैसा भी स्वयं लेना चाह रही थी, बसंती कभी विनोद का बड़ी पत्नी के बड़े बेटे को कुछ भी देना नहीं चाह रही थी, इसी दौरान ग्रामीणों के बीच बैठक कर समझौता कराया गया कि पेंशन का पैसा विनोद की छोटी पत्नी बसंती देवी, कटौती का पैसा विनोद का मंझला एवं छोटा बेटा तथा नौकरी विनोद का बड़ा बेटा विवेक को मिलना चाहिए। जिस पर सभी लोग सहमत हो गये और सहमति पत्र भी बन गया, जिसके आधार पर बसंती सहमति पत्र के माध्यम से अपना पेंशन बनवा ली साथ ही कटौती का पैसा दोनों बेटा के नाम पर 30 लाख रुपया का निकासी भी कर लिया गया, परंतु वह विवेक को नौकरी नहीं देना चाह रही थी, इसलिए वह कोर्ट में बनाये गये समझौते पत्र को नहीं दे रही थी। इधर उपायुक्त कार्यालय से विवेक को पत्र भी आ गया था कि वह अपना सभी दस्तावेज को जमा करे। इस बात की जानकारी होने के बाद विवेक की सौतेली मां बसंती देवी एवं पिता अशोक खेरवार के द्वारा विवेक के छोटे भाई रितिक उरांव को बताया गया कि जब तक विवेक जिंदा रहेगा, तब तक नौकरी तुम्हें नहीं मिलेगी। इसलिए उसे जान से मारना होगा। यह कहते हुए पूरे योजना बद तरीके से अनुकंपा वाली नौकरी के लालच में विवेक उरांव का हत्या किया गया है।


ABHYUDAYA ACADEMIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
Session : 2025-26
Classes PLAY To STD II
Tiril Road, Behind Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi
Mob.: 7970878241 7250270653

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower,
(Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST D-4 MONTH
GET JOB
MONEY BACK

NEW LIFE CLINIC
ALL MEDICAL SPECIALISTS ARE AVAILABLE HERE
PEDIATRICIAN (शिशु रोग विशेषज्ञ)
GYNECOLOGIST (स्त्री एवं प्रशुति रोग विशेषज्ञ)
PHYSICIAN (सामान्य रोग विशेषज्ञ)
PHYSIOTHERAPIST (फिजियोथेरेपिस्ट)
हमारे यहाँ सभी प्रकार के टीकाकरण एवं खून जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
HOME COLLECTION ALSO AVAILABLE
9102350010,6202354863, 6294931155
Ground Floor, Gajsagar Complex
Near State Bank of India, Kokar

G&H HIGH SCHOOL
GETLATU, NEORI VIKAS, RANCHI
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI (10+2), SINCE 1989

ADMISSION OPEN FOR CLASS - XI
(Science, Commerce & Humanities)
ADMISSION HELPLINE 9006082515, 9835766249


MONSOON SALE START TODAY
DISCOUNT UP TO 51%
• Designer Saree • Designer Suit • Gown Suits • Unstiched • Lahenga
BALAJI Saree Next
7 DAYS OPEN
KAUSHALYA CHAMBER
P.P. COMPOUND,
MAIN ROAD, RANCHI
PH. 8252501110
06513591444

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें
वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee
Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
ADMISSION OPEN
AADHAR VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
For Demo Visit Our Youtube Channel ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE

Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF

Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex,
East Jail Road, Lalpur, Ranchi

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

EXPERIENCE Happy Riding

मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम की न्यायाधीश ने की समीक्षा, दिया निर्देश




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नालसा के निर्देश पर पूरे भारत में चल रहे 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम की समीक्षा शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुसार टोपनो ने की। समीक्षा बैठक में धनबाद के 32 मध्यस्थ उपस्थित थे, जिन्हें न्यायाधीश ने अधिक से अधिक विवादों के निपटारे के लिए किए जा रहे मध्यस्थता कार्यवाही के लिए कई निर्देश दिए। इस बाबत मीडिया को जानकारी देते हुए अपर न्यायाधीश मयंक ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर 23 विभिन्न तरह के विवादों में मध्यस्थता कार्यवाही कर विवादों का निपटारा कर दिया गया है। बताया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर कराने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि समाज में लोगों के बीच एक-दूसरे के प्रति वैमनस्यता एवं तनाव कम हो और अच्छा माहौल कायम हो सके। उन्होंने बताया कि नालसा एवं झालसा के निर्देश पर धनबाद में इस कार्यक्रम को एक जुलाई को लांच किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में विवादों को मध्यस्थता के जरिए सुलझाना है। मध्यस्थता की कार्यवाही पक्षकारों के सुविधा अनुसार ऑफलाइन, ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में आयोजित की जा रही है . ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण ऑनलाइन मध्यस्थता की सुविधा प्रदान कर रहा है।

## धनबाद पहुंचे बाबूलाल मरांडी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती समारोह में होंगें शामिल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को धनबाद पहुंचे। जहां स्थानीय परिसदन में विधायक राज सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, पार्टी के धनबाद महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इसमें भाजपा झारखंड प्रदेश के मंत्री सरोज सिंह, जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, मीडिया संयोजक , जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, रमेश राही, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, योगेंद्र यादव और उचित महतो आदि शामिल रहे। बतातें चलें कि रविवार को भाजपा धनबाद महानगर की ओर से जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले पार्टी के प्रेरणापुंमज 'एक विधान एक प्रधान एक निशान' का नारा देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती समारोह में बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## अत्याधुनिक दामोदरम अस्पताल का सांसद ने किया शुभारंभ, 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सेवा



**महुदा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के भुरूंगिया बस्ती स्थित फोरलेन सड़क के समीप शनिवार को 'दामोदरम हॉस्पिटल' का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन सांसद ढुल्लू महतो, जिला परिषद सदस्य आशा देवी और मुखिया पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि इस क्षेत्र में इतने उच्च स्तरीय अस्पताल का खुलना गर्व की बात है। यह फोरलेन सड़क के किनारे स्थित है, जिससे मरीजों को आवागमन में बहुत सुविधा होगी। अब स्थानीय लोगों को इलाज के लिए रांची या पश्चिम बंगाल जैसे दूर के शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो अस्पताल के विकास के लिए बीसीसीएल, राज्य सरकार और केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो की ओर से इस अस्पताल के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, अस्पताल के संचालक प्रदीप सिंह ने बताया कि दामोदरम अस्पताल में 24 घंटे इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। न्यूनतम शुल्क में एक्स-रे, न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, सामान्य चिकित्सा, जनरल सर्जरी आदि विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट पर, संभावित सभी संदिग्ध जगहों पर पुलिस की कड़ी पहरेदारी

# मुहर्रम में उपद्रवियों पर पैनी नजर, हर तरह की घटना से निपटने को पुलिस की है 'फुलप्रूफ' तैयारी : एसपी

### 2000 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी, विभिन्न जगहों से 243 जुलूस निकलने की है संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मुहर्रम को शांति एवं सौहार्द्र पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन कृत संकल्प है। किसी भी संभावित अप्रिय घटना से निबटने को पुलिस की पूर्व तैयारी है। शनिवार को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित मॉक ड्रिल के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में एसपी हरविंदर सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहर में पहले से लगे 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे के अलावा संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त कैमरे लगाए गए हैं, ताकि हरेक संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार विभिन्न थाना क्षेत्र में लगभग 243 जुलूस निकलने की संभावना है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। जिले के सभी थानों में अतिरिक्त पुलिस-बल की तैनाती की गई है। उन्होंने लोगों से सहयोग और संयम की अपील भी की।






मुहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारी क्र क्रम में मॉत ड्रिल करती बोकारो पुलिस।

### सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए किया मॉक ड्रिल



एसपी के नेतृत्व में पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल में सिटी डीएसपी आलोक रंजन, सार्जेंट मेजर प्रणब कुमार और जॉय प्रभाकर लकड़ा सहित विभिन्न थानों की पुलिस, विशेष दस्ता और फायर ब्रिगेड के जवानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपद्रवियों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति को दर्शाया गया जिसमें आंसू गैस के गोले दागे गए, रबड़ बुलेट का प्रयोग किया गया। साथ ही, लाठी चार्ज के भी दृश्य प्रस्तुत किए गए।

## मुहर्रम पर्व को लेकर ट्रैफिक रूट में किया गया बदलाव

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एसडीएम चास प्रांजल ढंडा एवं ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर की ओर से शनिवार को संयुक्त पत्र जारी कर मुहर्रम पर्व को लेकर ट्रैफिक रूट में रविवार को अपराह्न दो बजे से रात 10 बजे तक बदलाव संबंधी निर्देश दिया गया है। जिसके चलते पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पेटरवार सीमा, जरीडीह टोल प्लाजा एवं स्टेशन मोड़, बालीडीह के पास रोका जाएगा। पुरुलिया की ओर से आइटीआइ मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पिंड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आइटीआइ मोड़ पर रोका जाएगा। चंदनकियारी की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को भवानीपुर साइड के पास रोका जाएगा। वहीं, धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को तेलमच्चो टोल प्लाजा के पास रोका जाएगा। इलेक्ट्रोस्टील की ओर से आने वाले भारी वाहनों को अलकुशा मोड़ एवं तेलगड़िया मोड़ पर रोका जाएगा। जबकि उकरीद मोड़ से बालीडीह की ओर जाने वाले चार पहिया/तीन पहिया वाहनों का परिचालन बाएं तरफ वर्जित रहेगा। सभी वाहन दाहिने तरफ से उकरीद मोड़ से स्टेशन मोड़ तक चलेंगे। नया मोड़ से उकरीद मोड़ की ओर जाने वाले चार/तीन पहिया वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। उक्त वाहन सेक्टर-12 मोड़, पुलिस लाइन होते हुए उकरीद मोड़ जाएंगे। वहीं, माराफारी से नया मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को रेलवे पुल के पास रोका जाएगा। चास की ओर से उकरीद मोड़ जाने वाले चार/तीन पहिया वाहन सेक्टर-12 मोड़ से पुलिस लाइन होते हुए फोरलेन मार्ग से उकरीद मोड़ तक संचालित होंगे। तेलगड़िया मोड़ से जोधाडीह मोड़ तक की एनएच-32 सड़क पर बाईं ओर वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। सभी चार/तीन पहिया वाहन दाहिने तरफ से चलेंगे। नया मोड़ से उकरीद मोड़ वाले मार्ग पर जुलूस के समय बसों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। पत्र के मुताबिक ये बदलाव केवल रविवार के लिए प्रभावी रहेगा। ट्रैफिक रूट में बदलाव को लेकर संयुक्त पत्र सभी संबंधित बीडीओ-सीओ एवं थाना प्रभारियों को जारी भी कर दिया गया है।

## इस्पात नगर बोकारो में भगवान जगन्नाथ का बाहुड़ा-यात्रा संपन्न

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात नगर में शनिवार को भगवान जगन्नाथ का बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह से संपन्न हुआ, जिसे उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी गयी थी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किकया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा ने किया। इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्या एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर वासियों के सम्मिलत प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरंभ हुई। पूरे रास्ते नगरवासी एवं श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुन्य अर्जित करते रहे। रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकटा चौक, गांधी चौक सिटी सेंटर और बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची। मार्ग में स्वंयसेवी संस्था, महिला समिति बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया।

## सेल जीतपुर कोलियरी के जीएम का पुतला फूंका

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से संभावित खतरा बताकर प्रबंधन की ओर से खदान को बंद किए जाने से नाराज ग्रामीण एवं राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू यादव के नेतृत्व में शनिवार को सेल जीतपुर कोलयरी के महाप्रबंधक मनीष कुमार का शव यात्रा निकालकर क्षेत्र में भ्रमण कर पुतला दहन किया गया। शाखा सचिव रंजीत यादव ने कहा कि जब तक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तब तक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान खदान चालू कराने और ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं के अविलंब समाधान की मांग की। इस मौके पर रंजीत कुमार यादव (गुड्डू यादव), शिव कुमार तिवारी, होप्पे नेपाली, वीरेंद्र ठाकुर, सुभाष शर्मा, विनय पांडेय, सीताराम पासवान, भागलू रावत, सूरज पासवान, सुरेश यादव, संजय थापा, परमेन्द्र, महराज अंसारी, अमन तिवारी, रीना पासवान, सुनीता देवी, माया देवी, रूबी कुमारी और परमजीत कौर आदि मौजूद थे।

## महुदा में पीडीएस चावल की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 10 बोरी जब्त, चालक गिरफ्तार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** गरीबों के लिए सरकार की ओर से वितरित किए जा रहे मुफ्त राशन (पीडीएस चावल) की कालाबाजारी का एक बड़ा मामला शनिवार को महुदा थाना क्षेत्र में सामने आया। ग्रामीणों की सतर्कता से महुदा-राजगंज मुख्य मार्ग पर स्थित पार्टी पैलेस होटल के पास से पीडीएस चावल से भरे 10 बोरियों से लदे एक ऑटो को जब्त किया गया। उसमें चावल मापने की मशीन भी थी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चावल तस्करी कर रहे ऑटो को रोककर तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महुदा पुलिस मौके पर पहुंची और पीडीएस चावल की तस्करी कर रहे ऑटो को जब्त कर लिया। साथ ही चालक को भी हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उक्त चावल किसी सरकारी राशन दुकान से ऑटो में लादकर कालाबाजारी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।


**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच**

**शुद्धि–पत्र**

नगर पंचायत डोमचाँच के पत्रांक–542, दिनांक–01.07.2025 अंतर्गत निकाली गई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2025–26, में अंकित परिमाण विपत्र ब्रिकी की तिथि 08.07.2025 के स्थान पर परिमाण विपत्र की ब्रिकी 10.07.2025, निविदा प्राप्ति की तिथि 09.07.2025 के स्थान पर निविदा प्राप्ति की तिथि 11.07.2025 एवं निविदा खोलने की तिथि 10.07.2025 के स्थान पर निविदा खोलने की तिथ 12.07.2025 पढ़ा जाय। जिसका PR NO. 356218 (Urban Development) 25-26D है।

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगी।

प्रशासक
PR 356624 Urban Development(25-26).D नगर पंचायत डोमचांच

**खास महाल पदाधिकारी–सह–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, कोडरमा**

खा०म० वाद संख्या– 215/1985–86

**आम इस्तहार**

वजरिये आम इस्तहार सभी ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा–सलैयडीह, थाना सं0–319, होल्डिंग संख्या– 55 प्लॉट सं0– 454, 455 कुल रकवा 0.22 एकड़ के खास महाल भूमि को श्री रामलखन सिंह, परमेश्वर सिंह वगैरह पिता– गोपाल सिंह, साकिन–सलैयडीह, थाना–कोडरमा के नाम से लीज बन्दोबस्त किया गया है, परन्तु लीजधारियों द्वारा लीज बन्दोस्ती के नियमों का अक्षरशः पालन नहीं करने के कारण उक्त भूमि को पुर्नग्रहित किया जाना है।

अतः यदि लीजधारी/लीजधारी के वंशजों/आम ग्रामीण जनता को इस संबंध में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति दाखिल करना हो तो दिनांक 22/07/2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दाखिल कर सकते हैं। अन्यथा उक्त भूमि को पुर्नग्रहण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसके उपरांत उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04/07/2025 को निर्गत किया गया।

इसे सख्त ताकिद समझें।

खास महाल पदाधिकारी–सह–
भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,कोडरमा

PR 356581 (Revenue)25-26*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**राँची जिलाअंतर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम– 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के अंतर्गत निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत समितियों के लिए वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि में अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित आवश्यक सूचना।**

**प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि 21.07.2025**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि हेतु राँची जिला के ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जानी है जिनकी बंदोबस्ती अवधि 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी है या जो पूर्व से अबंदोबस्त है। संबंधित जलकरों की सूची जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचनापट्ट पर अंचलवार देखी जा सकती है या कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410, दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बंदोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम – 1935 एवं 1996 के अंतर्गत निबंधित समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदुपरि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड, राँची के परिपत्र सं0 – 55, दिनांक 25.01.2022 के आलोक में पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, बिहार के परिपत्र सं0 – 114, दिनांक 18.01.1992 की कंडिका क 1 को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) के पत्रांक 1325, दिनांक 11.10.2023 के द्वारा संशोधित करते हुए पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर, जलाशय स्तर पर एवं नगर निगम क्षेत्र स्तर पर कार्यरत मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी सहकारी समितियों को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बंदोबस्ती का प्रावधान किया गया है। राँची जिला में कार्यरत सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि के लिये अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु उपलब्ध (सुचीगत) ऐसे जलकरों जो प्रस्तावक समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित है की सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बंदोबस्ती (वर्ष 2025–26 से 2027–28) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

प्रस्ताव के साथ निम्नवर्णित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. **सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा वर्तमान कैलेन्डर वर्ष में निर्गत स्वच्छता–प्रमाण–पत्र।**
2. **आमसभा की कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।**
3. **अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।**
4. **विशेष आमसभा/निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।**
5. **पूर्व से बंदोबस्त जलकरों की वितरण सूची (वर्षवार)।**
6. **पूर्व के बकायेदार नहीं रहने संबंधी प्रमाण–पत्र।**
7. **अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।**
8. **सदस्यता सूची की सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची के द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।**

**यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बंदोबस्ती की अर्हता पुरी करती हो, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बंदोबस्ती की जायेगी।**

बंदोबस्ती का प्रस्ताव (स्वच्छता–प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज के साथ) दिनांक 21.07.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बंदोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुले डाक से बंदोबस्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 356588 Fish(25-26)#D


## इस्कॉन कुसुम विहार ने किया श्री जगन्नाथ उल्टा रथ का समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इस्कॉन धनबाद कुसुम विहार की ओर से अलकडिहा में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाला गया। यात्रा बलियापुर झरिया मार्ग में निकाली गई। उल्टा रथ यात्रा का आयोजन इस्कॉन कुसुम विहार की ओर से बलियापुर अलकडिहा, गोलाकडीह के भक्तों के साथ किया, जिसमें हजारों भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ के प्रेम में कीर्तन, नृत्य, झाड़ू से मार्ग साफ कर उत्सव का आनंद लिया। रथ यात्रा में झाकियों ने भक्तों के साथ नृत्य कर उत्सव को और भी भव्य बना दिया। रथ के मंदिर पहुंचने के बाद भक्तों के मध्य महा प्रसाद वितरण किया गया।

# सदर अस्पताल में निःशुल्क होगा लिवर, किडनी और लिपिड प्रोफाइल सहित 28 से अधिक तरह के टेस्ट

### अब सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को कई टेस्ट कराने को नहीं जाना होगा बाहर : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिलावासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध डीसी आदित्य रंजन के प्रयास से अब धनबाद के सदर अस्पताल में लिवर, किडनी और लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच के साथ ही हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसकी जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि सदर अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक रूप प्रदान कर वहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट कराने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि अब





सदर अस्पताल में लिवर प्रोफाइल के तहत टोटल बिलीरुबिन, डायरेक्ट बिलीरुबिन, इनडायरेक्ट बिलीरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एएलपी, टोटल प्रोटीन, एल्ब्यूमिन तथा ग्लोब्युलिन का टेस्ट उपलब्ध है। वहीं, किडनी प्रोफाइल में क्रिएटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, सोडियम, पोटेशियम एवं क्लोराइड, लिपिड प्रोफाइल के तहत कोलेस्ट्रॉल ट्राइग्लिसराइड, एचडीएल, एलडीएल, वीएलडीएल की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा पैंक्रियाटिक एंजाइम के तहत एमाइलेज, लाइपेज, सीरम कैल्शियम, एलडीएच एवं हेमेटोलॉजी में सीबीसी, टीएलसी, डीएलसी व हेमेटोक्रिट टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। डीसी ने बताया कि अब सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को उपरोक्त टेस्ट कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उपरोक्त सारे टेस्ट अब सदर अस्पताल में ही निःशुल्क किए जाएंगे। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि इससे पहले सदर अस्पताल में हीमोग्लोबिन, वायरल मार्कर, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, ब्लड शुगर, थायराइड आदि के टेस्ट की सुविधा थी। पर डीसी के प्रयास से अब यहां उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है। जिसमें यहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट करने की सुविधा है।

# 20 साल बाद ठाकरे परिवार एक साथ

## ■ उद्धव बोले- मराठी ने दूरियां खत्म कीं, आज हम एक हुए हैं

## ■ राज बोले- फडणवीस ने वो किया जो बालासाहेब नहीं किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'मराठी एकता' पर शनिवार को मुंबई के वर्ली डोम में रैली की। इस मौके पर दोनों की तरफ से आगे साथ मिल कर राजनीति करने के संकेत दिये गये। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आये। इससे पहले 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे।

राज ठाकरे ने कहा कि मैंने अपने इंटरव्यू में कहा था कि झगड़े से बड़ा महाराष्ट्र है। 20 साल बाद हम एक मंच पर आये हैं आपको दिख रहे हैं। हमारे लिए सिर्फ महाराष्ट्र और मराठी एजेंडा है, कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है।

राज ठाकरे बोले- 'जो बाला साहेब ठाकरे नहीं कर पाये, जो और कोई नहीं कर पाया, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया, हमें एक कर दिया।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे बीच की दूरियां जो मराठी ने दूर कीं, सभी को अच्छी लग रही हैं। मेरी नजर में, हमारा एक साथ आना और यह मंच साझा करना, हमारे भाषण से कहीं ज्यादा अहम है।

उद्धव ठाकरे बोले- हमें शपथ लेनी होगी कि हमेशा साथ रहेंगे। उद्धव ने कहा कि हम दोनों ने इसका अनुभव किया है कि किस प्रकार हमारा इस्तेमाल करके फेंक दिया जाता है, आज हम दोनों साथ हैं। आज हम एक हुए हैं, लेकिन दोबारा ये झगड़ा लगाने की कोशिश करेंगे ये उनकी आदत है।

उन्होंने कहा कि जिस महाराष्ट्र में हम रहते हैं, जहां हमारा जन्म हुआ इसे तोड़ने की कोशिश करेंगे तो ऐसा हम नहीं करने देंगे। आज हमें शपथ लेनी चाहिए हम दोनों एक साथ ही रहेंगे। इसकी शुरुआत आज से हुई है।

### पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी का बड़ा बयान

# हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने को तैयार

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि उनके देश को विश्वास बहाली के उपाय के रूप में 'जांच के दायरे में आये व्यक्तियों' को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते नयी दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाये। 'डॉन अखबार' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल ने शुक्रवार को अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। खबर में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेइएम) प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बिलावल ने यह टिप्पणी की।

बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण के अनुसार लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है। बिलावल ने कहा कि अगर भारत इस प्रक्रिया में सहयोग करने को तैयार है, तो मुझे यकीन है कि किसी भी 'जांच के दायरे में आए व्यक्ति' को प्रत्यर्पित करने में कोई बाधा नहीं आयेगी। उन्होंने आतंकवादियों को पकड़ने के भारत के संकल्प पर भी चिंता व्यक्त की और इसे 'नयी असामान्यता' करार दिया। सईद और अजहर के ठिकानों के बारे में पूछे जाने पर बिलावल ने कहा कि सईद जेल में है, जबकि इस्लामाबाद का मानना है कि अजहर अफगानिस्तान में है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के अर्जेंटीना दौरे पर पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**ब्यूनस आयर्स।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिन के दौरे पर अर्जेंटीना पहुंच गये। यहां होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। पीएम बनने के बाद मोदी का यह दूसरा अर्जेंटीना दौरा है। इससे पहले वे 2018 में जी-20 समिट में हिस्सा लेने अर्जेंटीना गये थे।

पीएम मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर जेवियर मिलई के बीच द्विपक्षीय बातचीत की। इसके अलावा उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया।

मोदी की यात्रा के दौरान भारत-अर्जेंटीना के बीच डिफेंस, एग्रीकल्चर, एनर्जी, परमाणु सहयोग, व्यापार और निवेश पर चर्चा की गयी। अर्जेंटीना के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिथियम भंडार है। बता दें कि मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक, 5 देशों की यात्रा पर हैं। इसके बाद उनका अगला पड़ाव ब्राजील है।

## नीरव मोदी का भाई अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** पीएनबी घोटाले के आरोपी नीरव मोदी के भाई निहाल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी 4 जुलाई को की गयी। भारत के प्रवर्तन निदेशालय (इडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने निहाल के प्रत्यर्पण की अपील की थी। निहाल की जमानत पर सुनवाई 17 जुलाई को नेशनल डिस्ट्रिक्ट ऑफ होनोलूलू में होगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। अमेरिका में एलएलडी डायमंड्स के साथ धोखाधड़ी के अलावा निहाल मोदी पर 13,600 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में शामिल होने और सबूत मिटाने का आरोप है।

# पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। आइजी जितेंद्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गयी ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी गोपाल खेमका परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा, 'मेरा बेटा भी बीजेपी में था। मुझे इंसाफ चाहिए।

वहीं, तेजस्वी यादव भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान गोपाल खेमका की बहन तेजस्वी के सामने फूट-फूट कर रोने लगीं। कहा, 'आपने तो वादा किया था, ऐसा कुछ नहीं होगा, फिर ये कैसे हुआ।'

गोपाल खेमका का रविवार को अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनकी बेटी के स्कॉटलैंड से आने का इंतजार किया जा रहा है।

**अपार्टमेंट के गेट के सामने खेमका का मर्डर :** पटना में गोपाल खेमका को उनके अपार्टमेंट के गेट के ठीक सामने अपराधी ने गोली मारी थी। खेमका गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास कटारुका निवास में रहते थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें पटना के मेडिवर्सल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। गोपाल खेमका देर रात खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए बांकीपुर क्लब से घर लौटे थे। वो जैसे ही अपार्टमेंट के पास पहुंचे, घात लगाये अपराधी ने सिर में गोली मार दी। अपराधी बाइक से आया था।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**